# सोन वर्षा वाणी


औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित






**आईपीएल 2024 : क्विंटन डि कॉक के आईपीएल में 3000 रन पूरे**



**ईडी ने महुआ मोइत्रा पर दर्ज किया मनी लॉड्रिंग का केस, कारोबारी हिरानंदानी पर भी केस**


कृष्ण पक्ष श्रावण संवत 2080 • औरंगाबाद • गुरूवार • 04 अप्रैल 2024 • वर्ष 26 • अंक 113 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹69, 870 | ₹81,000 |

## आज का इतिहास

- 1994 : भारतीयों ने वर्ष 1994 में जैकब के मैदान पर खेले गए 1 गेम में 11 सराय में मेरिनर्स को 4-3 से हराया।
- 2013 : भारतीय राज्य महाराष्ट्र के ठाणे में अवैध रूप से निर्मित इमारत गिरने से 74 लोग मारे गए।

## न्यूज बाइट्स

### पीपीयू में स्नातक में नामांकन के लिए दो मई से आवेदन

**पटना (नि.सं.)।** पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी (पीपीयू) ने नए शैक्षणिक सत्र 2024-25 में एडमिशन की प्रक्रिया अगले माह यानी दो मई से शुरू कर देगा। एक साथ ग्रेजुएशन नियमित व व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में एडमिशन के लिए प्रक्रिया दो मई से आरंभ होंगे। इसमें पटना व नालंदा जिले के 69 कॉलेजों में पारंपरिक विषयों में लगभग एक लाख 20 हजार एवं व्यावसायिक विषयों के लगभग 5555 सीटों पर एडमिशन लिए जाएंगे। एडमिशन प्रक्रिया 30 जून में पूरी हो जाएगी। इसके बाद कक्षाएं चार जुलाई से आरंभ होंगी। पटना व नालंदा जिले के 26 अंगीभूत कॉलेज एवं संबंधन प्राप्त 43 निजी कॉलेजों में एडमिशन प्रक्रिया विश्वविद्यालय की ओर से दो मई से आरंभ होंगे। इसमें ऑनलाइन आवेदन यूनिवर्सिटी के वेबसाइट https://admission.ppuponline.in/ पर जाकर करना होगा।

### छह महीने बाद तिहाड़ से बाहर आए संजय सिंह

**नईदिल्ली (ए.)।** आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद और नेता संजय सिंह तिहाड़ जेल से बाहर आ गए हैं। संजय सिंह ने जेल से बाहर आकर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे सलाखों के पीछे रखा गया था। मुझे पूरा भरोसा है कि जेल के ताले टूटेंगे। उन्होंने कहा कि जश्न मनाने का वक्त नहीं है, यह संघर्ष करने का वक्त है, यह जंग करने का वक्त है। जेल के बाहर संजय सिंह को लेने के लिए उनकी बेटी और उनकी मां भी पहुंचीं। इस दौरान जेल परिसर के बाहर आप नेता और कार्यकर्ताओं का हुजूम भी मौजूद है। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उनकी रिहाई का आदेश दिया था। आबकारी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सांसद संजय सिंह को अदालत ने दो लाख रुपये के जमानत बॉन्ड और इतनी ही राशि की जमानत राशि पर जमानत दे दी। उनकी पत्नी ने जमानत बॉन्ड भरा। संजय सिंह को ईडी ने चार अक्टूबर को गिरफ्तार किया था।

### चुनाव आयोग ने बुलाई प्रवर्तन एजेंसियों की बैठक

**नई दिल्ली (ए.)।** चुनाव आयोग ने आम चुनाव के दौरान देश भर में कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के लिए बुधवार को राजधानी में राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्र की पुलिस तथा अन्य प्रवर्तन एजेंसियों की बैठक बुलाई है। आयोग के एक अधिकारी ने बताया कि बैठक में चुनाव के दौरान अवैध गतिविधियों की रोकथाम, चुनाव को प्रभावित करने के लिए बांटे जाने वाली किसी भी प्रकार की वस्तुओं और धन आदि की जब्ती की कार्रवाई की भी समीक्षा की जाएगी। बैठक में प्रवर्तन एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों के भाग लेने की संभावना है।

---

**5514 करोड़ रुपये की लागत से वाणिज्यिक सह रणनीतिक भूमिगत पेट्रोलियम भंडार तैयार करने की योजना**

# चुनौतियों से निपटने के लिए कच्चे तेल का पहला वाणिज्यिक रणनीतिक भंडारण बनाएगा भारत

**एजेंसी | नई दिल्ली**



आपात स्थिति में आपूर्ति दिक्कतों से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए भारत कच्चे तेल का अपना पहला वाणिज्यिक रणनीतिक भंडारण बनाएगा। सरकार ने देश में रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार तैयार करने और उसके परिचालन के लिए विशेष इकाई इंडियन स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व लिमिटेड (आइएसपीआरएल) का गठन किया है।

इकाई ने कर्नाटक के पादुर में 25 लाख टन भूमिगत भंडारण बनाने के लिए 22 अप्रैल तक बोलियां मांगी हैं। दरअसल, आइएसपीआरएल ने पहले चरण में तीन स्थानों पर 53.3 लाख टन का भंडारण बनाया था। ये तीन जगह आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम (13.3 लाख टन) कर्नाटक में मंगलुरू (15 लाख टन) तथा पादुर (25 लाख टन) हैं। तेल के भंडारण के लिए ये भूमिगत चट्टानी गुफाएं हैं। पहले चरण के तहत भंडारण का निर्माण सरकारी खर्च पर किया गया है।

दूसरे चरण में आइएसपीआरएल की पादुर-दो में 5,514 करोड़ रुपये की लागत से वाणिज्यिक सह रणनीतिक भूमिगत पेट्रोलियम भंडार तैयार करने की योजना है। इसमें जमीन के ऊपर संबंधित सुविधाएं भी शामिल है। इस निर्माण कार्य में 25 लाख टन कच्चा तेल के रणनीतिक भंडार के लिए एसपीएम (सिंगल पॉइंट मूरिंग) और संबद्ध पाइपलाइन (तट पर और अपतटीय) का निर्माण शामिल हैं। आईएसपीआरएल ने निविदा में कहा कि पादुर-दो का निर्माण पीपीपी (सार्वजनिक-निजी भागीदारी) मॉडल में किया जाएगा। इसमें निजी इकाइयां भंडारण का डिजाइन, निर्माण, वित्तपोषण और परिचालन करेंगी। बोलीदाताओं से कहा गया है कि वे भंडारण के निर्माण के लिए आवश्यक वित्तीय अनुदान या उस प्रीमियम/शुल्क का बतायें जो वे प्राधिकरण को देना चाहते हैं। निविदा दस्तावेज में कहा गया है कि यह परियोजना उन इकाइयों को दी जाएगी, जो अधिक प्रीमियम/शुल्क देंगे। जहां कोई भी बोली लगाने वाला प्रीमियम की पेशकश नहीं कर रहा है, यह सबसे कम अनुदान चाहने वाले को दी जाएगी। आईएसपीआरएल ने कहा कि परियोजना के लिए अनुदान की अधिकतम सीमा 3,308 करोड़ रुपये होगी। एक बोली लगाने वाला जो अनुदान चाहता है वह कोई प्रीमियम नहीं दे सकता है। भारत अपनी 85 प्रतिशत से अधिक कच्चे तेल की जरूरतों को आयात के माध्यम से पूरा करता है।

### तेल के इस्तेमाल पर पहला अधिकार देश का होगा

आईएसपीआरएल ने कहा कि परियोजना के लिए अनुदान की अधिकतम सीमा 3,308 करोड़ रुपये होगी। एक बोली लगाने वाला जो अनुदान चाहता है वह कोई प्रीमियम नहीं दे सकता है। पादुर-दो का संचालक तेल भंडारण की इच्छुक किसी भी तेल कंपनी को भंडारण क्षेत्र पट्टे पर देगा और उसके लिए शुल्क लेगा। तेल का भंडारण करने वाली कंपनियां इसे घरेलू रिफाइनरी कंपनियों को बेच सकती हैं। लेकिन आपात स्थिति में तेल के इस्तेमाल पर पहला अधिकार देश का होगा। दस्तावेज में कहा गया है कि बोलियां 22 अप्रैल तक जमा की जानी है और निविदा 27 जून तक प्रदान की जाएगी। आईएसपीआरएल पादुर-दो के लिए लगभग 215 एकड़ भूमि का अधिग्रहण कर रही है। भारत अपनी 85 प्रतिशत से अधिक कच्चे तेल जरूरतों को आयात के माध्यम से पूरा करता है।

# राज्यभर में बिजली बकायेदारों से बिल की वसूली करने के लिए 5 अप्रैल तक बनेगी विशेष टीम

**निज संवाददाता | पटना**



पटना समेत राज्यभर में बिजली बकायेदारों से बिल वसूली के लिए स्पेशल टीम गठित की जाएगी। टीम बकायेदारों के घर-घर पहुंचेगी और उनसे बिजली बिल जमा करवाएगी। किसी तरह की समस्या होगी तो उसका निदान ऑनस्पॉट किया जाएगा। पटना समेत राज्यभर में 2023-24 वित्तीय वर्ष में 15 फीसदी बिजली उपभोक्ता पूरे साल में एकबार भी बिजली बिल जमा नहीं किया है। ऐसे बकायेदारों के घर टीम पहुंचेगी और बिजली बिल वसूली की जाएगी। पांच अप्रैल तक टीम गठित होगी। बिजली कंपनी पांच अप्रैल तक स्पेशल टीम गठित करेगी। टीम में स्थानीय सहायक विद्युत अभियंता, कनीय विद्युत अभियंता और मानव बल शामिल रहेंगे। ये टीम दस अप्रैल तक बकायेदारों के घर पहुंचना शुरू करेगी। पिछले साल 70 फीसदी उपभोक्ता बिजली बिल जमा किए थे। इसबार 85 फीसदी बिल जमा किए हैं। पिछले साल 30 फीसदी उपभोक्ता पूरे साल में एकबार भी बिल जमा नहीं किए थे, जो इस साल यह आंकड़ा घटकर 15 फीसदी पर पहुंचा है। पूरे साल बिल जमा नहीं करने वालों में उपभोक्ता पटना जिले में पांच फीसदी और दस फीसदी बिहार के अलग-अलग हिस्सों में हैं।

पटना समेत राज्यभर में 15 फीसदी उपभोक्ता पूरे साल में एकबार भी बिजली बिल जमा नहीं किया है। इनसे बिल जमा कराने के लिए स्पेशल टीम पांच अप्रैल तक बनाई जाएगी। टीम बकायेदारों की घर जाकर बिल जमा करने की कोशिश करेगी।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी-रिमांड पर फैसला सुरक्षित



**नई दिल्ली(ए.)।** दिल्ली आबकारी घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर बुधवार को दिल्ली हाई कोर्ट में सुनवाई हो रही है। उन्होंने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है। मामले की सुनवाई दिल्ली हाईकोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की अध्यक्षता वाली बेंच कर रही है। ईडी के वकील एएसजी एसवी राजू ने दिल्ली हाईकोर्ट को बताया कि आम आदमी पार्टी ने अभियान के विक्रेताओं को दिए गए सभी बड़े भुगतान कैश किया था। उन्हें खातों की किताबों में शामिल नहीं किया गया था। ईडी ने कहा कि हमारे पास व्हॉट्सऐप चैट और हवाला ऑपरेटरों के बयान हैं, हमारे पास बड़ी मात्रा में आयकर डेटा भी है। एएसजी ने कहा कि यह तथ्य कि धनशोधन का अपराध हुआ है, इसमें कोई संदेह नहीं है। अदालत इस अपराध पर संज्ञान ले चुकी है। संज्ञान अपराध पर होता है, अपराधी पर नहीं। अपराध पर संज्ञान के बाद आरोपियों को लेकर जांच होती है। जोकि इस मामले में भी हो रही है। आरोपियों की जांच को लेकर बाधा उत्पन्न नहीं की जा सकती। एएसजी ने कहा कि आज केजरीवाल का रवैया यह है कि वह एक संत है। लेकिन वास्तव में केजरीवाल ने जो किया है वह बहुत ही चतुराई से किया है।

# बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी को कैंसर, कहा-छह महीने से कैंसर से कर रहा हूं संघर्ष

**निज संवाददाता | पटना**



बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी कैंसर की बीमारी से लड़ रहे हैं। सोशल मीडिया पर बुधवार को उन्होंने खुद इसकी जानकारी दी है। उन्होंने लिखा- पिछले 6 महीने से कैंसर से संघर्ष कर रहा हूं। अब लगा कि लोगों को बताने का समय आ गया है। लोकसभा चुनाव में कुछ कर नहीं पाऊंगा। पीएम को सब कुछ बता दिया है। देश, बिहार और पार्टी का सदा आभार और सदैव समर्पित।

सुशील मोदी गले के कैंसर से पीड़ित हैं। 3 महीने पहले गले में दर्द की शिकायत पर जांच कराई तो कैंसर का पता चला। अभी वे दिल्ली एम्स में चेकअप करा रहे हैं। सूत्रों की मानें तो आज शाम तक सुशील मोदी पटना पहुंच सकते हैं। सुशील मोदी पर बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि यह जानकर मुझे बहुत पीड़ा हुई है। मैं उनके स्वस्थ होने की कामना करता हूं। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि चुनाव प्रचार में उनकी कमी खलेगी। सुशील मोदी इसी साल जनवरी में राज्यसभा से रिटायर हुए हैं। पार्टी ने दोबारा से उनको उच्च सदन नहीं भेजा और ना ही लोकसभा चुनाव में टिकट दिया था। हालांकि, उनका नाम स्टार प्रचारकों की लिस्ट में शामिल था। इसके अलावा पार्टी ने उनको अपनी 27 सदस्यीय चुनाव घोषणापत्र समिति में शामिल किया है। इस समिति की अध्यक्षता रक्षामंत्री राजनाथ सिंह कर रहे हैं। समिति की संयोजक वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण हैं और सह-संयोजक केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल हैं। हालांकि, अब सुशील मोदी ने बीमारी के कारण पार्टी की तरफ से चुनाव प्रचार कर पाने में असमर्थता जाहिर की है।

नीतीश कुमार और सुशील मोदी बिहार में 70 के दशक के जेपी आंदोलन की उपज हैं। आरएसएस से जुड़े रहे सुशील कुमार मोदी की छात्र राजनीति की शुरुआत 1971 में हुई।

### हर 'सदन' में सुशील कुमार मोदी बैठे

सुशील मोदी लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा और विधान परिषद चारों सदनों के सदस्य रह चुके हैं। हालांकि इस साल उन्हें बीजेपी ने राज्यसभा नहीं भेजा। उन्होंने 2004 के लोकसभा चुनाव में भागलपुर से जीत हासिल की थी। लेकिन बिहार में नीतीश के साथ सरकार बनाने के बाद उन्होंने सांसद का पद छोड़ दिया था। इसके बाद वो 2005 से 2013 तक बिहार सरकार में लगातार उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री बने रहे। जून 2013 में जब नीतीश कुमार आरजेडी के साथ चले गए तो सुशील मोदी विधानपरिषद में नेता प्रतिपक्ष बने। इसके बाद 2017 में जब नीतीश कुमार ने एनडीए में वापसी की तो उन्हें एक बार फिर राज्य का डिप्टी सीएम बनाया गया। साल 2020 में बिहार चुनाव के बाद सुशील मोदी को राज्यसभा भेज दिया गया।

1990 में सुशील कुमार मोदी ने पटना केन्द्रीय विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा और विधानसभा पहुंचे।

# लोजपा(आर) के 22 नेताओं ने पार्टी से दिया इस्तीफा



**निज संवाददाता | पटना**

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान को बड़ा झटका लगा है। पूर्व सांसद अरुण कुमार के बाद 22 नेताओं ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। इसमें पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेणु कुशवाहा, प्रदेश प्रवक्ता प्रो. विनित सिंह, राष्ट्रीय महासचिव सतीश कुमार, प्रदेश संगठन सचिव ई. रविन्द्र सिंह समेत प्रदेश उपाध्यक्ष और महासचिव भी शामिल हैं। ये सभी नेता टिकट बंटवारे से नाराज हैं। नाराज नेताओं ने एक सूची जारी की, जिसमें प्रो. विनित सिंह भी शामिल हैं। हालांकि, प्रो. विनित सिंह ने इस्तीफे की खबर को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि लोजपा(आर) में कोई भी निर्णय लोकतांत्रिक तरीके से होता है। पार्टी के प्रत्याशियों की घोषणा के बाद कई नेता नाखुश हैं। उन्होंने कहा कि इस्तीफा देने वाले नेताओं की सूची में मेरा भी नाम है। यह देखकर मैं हैरान हूं कि इसमें मेरा भी नाम है। मैं अपने पद पर आज भी बना हुआ हूं। मैंने इस्तीफा नहीं दिया है। मैं अपनी पार्टी में मजबूती के साथ हूं।

इस्तीफा देने वालों में शामिल ई. रविन्द्र सिंह ने कहा कि हम लोगों के साथ पूरी तरीके से खेल हुआ है। पार्लियामेंट बोर्ड की ओर से दो-दो नाम मांगा गया गया, जिसमें एक को टिकट मिला था। हमेशा आश्वासन मिलता रहा कि कार्यकर्ताओं को ही टिकट देंगे, लेकिन उन्होंने गद्दारों को टिकट दे दिया। उन्होंने आगे कहा कि हम लोग अलग पार्टी नहीं बनाएंगे। सोशल मीडिया पर लोगों की टिप्पणियों से बेहद आहत महसूस कर रहा हूं।

## पशुपति पारस करेंगे चिराग पासवान का समर्थन, हाजीपुर में करेंगे प्रचार

**निज संवाददाता | पटना**



रालोजपा सुप्रीमो पशुपति कुमार पारस ने कहा है कि वो एनडीए के साथ हैं और गठबंधन के सभी उम्मीदवारों का समर्थन करते हैं। भतीजे चिराग पासवान के समर्थन मामले में उन्होंने कहा कि वो एनडीए घटक दल के तौर पर चिराग पासवान का भी समर्थन करते हैं और जरुरत पड़ी तो हाजीपुर में चुनाव प्रचार भी करेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार में एनडीए सभी 40 सीटों पर जीत हासिल करेगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए 400 सीटों का आंकड़ा इस बार निश्चत रूप से पार होगा। पत्रकारों से बात करते हुए पशुपति कुमार पारस ने कहा कि वे और उनकी पार्टी एनडीए में हैं। पूरी मजबूती के साथ नरेंद्र मोदी के चार सौ पार के लक्ष्य को हासिल करने में एनडीए उम्मीदवारों को मदद करेंगे। जेपी नड्डा ने भी सोशल साइट एक्स पर लिखा है कि एनडीए सदस्य के नाते पशुपति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में लगातार अच्छे कार्य किए।

### नाराज होकर दिया था मंत्री पद से इस्तीफा

गठबंधन में सीटें नहीं मिलने के बाद पशुपति पारस ने केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। उसके बाद उनके इंडिया गठबंधन में जाने की बात कही जा रही थी, लेकिन राजनीति में पूरी तरह अलग-थलग पड़ चुके पारस मंगलवार को अपने भतीजे प्रिंस राज के साथ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। नड्डा से मुलाकात कर ताजा सियासी हालात पर बातचीत की। जेपी नड्डा ने मुलाकात की तस्वीरें एक्स पर शेयर करते हुए इसकी जानकारी दी है।

# मैट्रिक परीक्षा की स्क्रूटनी के लिए आवेदन आज से

**पटना (नि.सं.)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने मैट्रिक वार्षिक परीक्षा 2024 की उत्तर पुस्तिकाओं की स्क्रूटिनी की तिथि जारी कर दी है। यदि कोई विद्यार्थी अपने किसी एक विषय या एक से अधिक या सभी विषयों के प्राप्तांक से असंतुष्ट हों, तो वे उन विषयों की उत्तर पुस्तिकाओं का स्क्रूटनी के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन वेबसाइट http://secondary. biharboardonline.com पर आज 3 अप्रैल से 9 अप्रैल तक जाकर कर सकते हैं। इसके लिए 120 रुपए प्रति विषय की दर से राशि जमा कराना होगा। समिति ने कहा है कि यदि उत्तर पुस्तिका के अंदर के पृष्ठों के अंक मुख पुष्ठ पर अंकित नहीं है, तो उसमें सुधार किया जाएगा। दिये गये अंकों के योग में यदि कोई त्रुटि हो, तो उसमें सुधार किया जाएगा। यदि कोई प्रश्न या उसके खंड के प्रश्नोत्तर अमूल्यांकित है, तो उसका मूल्यांक कर प्राप्तांक में सुधार किया जाएगा।

# रिटायर्ड बैंक मैनेजर के घर से 13 लाख की लूट

- टीवी का वॉल्यूम बढ़ाया, ऑनलाइन ट्रांसफर नहीं करने पर चाकू मारा

**निज संवाददाता | पटना**



पटना के कंकड़बाग थाना इलाके में बैंक के रिटायर्ड मैनेजर के घर लूट हुई है। घटना के समय रिटायर्ड बैंक मैनेजर, पत्नी और रिश्तेदार के साथ मैच देख रहे थे। 4 बदमाशों ने घर की डोर बेल बजाई। दरवाजा खुलते ही सभी अंदर घुस गए और गेट अंदर से लॉक कर लिया। टीवी का वॉल्यूम बढ़ा दिया। तीनों के हाथ-पैर बांध दिए और मारपीट की। विरोध करने पर बदमाशों ने रिटायर्ड बैंक मैनेजर से ऑनलाइन रुपए ट्रांसफर का दबाव बनाने लगे। मना करने पर बुजुर्ग दंपती को चाकू से मार कर घायल कर दिया। साढ़े 11 बजे तक बदमाशों ने लूटपाट की। बदमाश 12 लाख के गहने और 90 हजार कैश ले कर भाग निकले। अपराधियों के बाद बुजुर्ग दंपती ने पुलिस और अपने रिश्तेदारों को फोन पर सूचना दी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। दंपती के दोनों बेटे विदेश में रहते हैं। दोनों अकेले ही घर में रहते थे। लूट की यह वारदात पटना के कंकड़बाग थाना स्थित पंच शिव मंदिर के पास स्थित हाउसिंग कॉलोनी मकान संख्या ए 114 में हुई है। इस घर में पीएनबी के रिटायर्ड चीफ मैनेजर डीएन सहाय और उनकी पत्नी रेणु सहाय रहते हैं। डीएन सहाय ने बताया कि अपराधियों ने 12 लाख के गहने और लगभग 90 हजार कैश लूट लिए। डीएन सहाय ने बताया कि पहले उन लोगों ने हमे बंधक बना लिया और लूटपाट शुरू कर दी। विरोध करने पर अपराधियों ने हम लोगों के साथ मारपीट भी की। चाकू से वार कर हम दोनों को घायल कर दिया। रिश्तेदार अनीता सिन्हा ने कहा कि देर रात पांच की संख्या में अपराधी घर में घुस गए। डीएन सहाय सहित तीनों लोग मैच देख रहे थे। अपराधियों ने टीवी का वॉल्यूम तेज कर दिया। इसके बाद तीनों के हाथ-पैर बांध लूटा। चार अपराधी कैंपस में बाहर की गतिविधियों पर नजर रख रहे थे। घटना के बाद सभी को बंधा छोड़ अपराधी भाग गए। मैनेजर के घर की खिड़की खुली हुई थी।

### रात 8.30 बजे घर में घुसे

डीएन सहाय ने बताया कि अपराधी रात के करीब 8:30 में आए। पहले एक आया और बेल बजाई। दरवाजा खोलते वो सीधे अंदर घुस गया और पीछे से 3 अपराधी और घुस गए। अंदर से दरवाजा बंद कर दिया। अपराधी 11: 30 में निकल कर फरार हो गए। तब हम लोगों जैसे-तैसे बंधन को खोलकर आजाद हुए। फिर अपने रिश्तेदारों और पुलिस को इसकी सूचना दी।

# काला नमक चावल निर्यात को मिली मंजूरी, 1000 टन चावल पर नहीं लगेगा शुल्क

**एजेंसी | नई दिल्ली**



देश में कई तरह के चावल की खेती होती है। इन चावलों में से एक कालानमक है। कालानमक चावल को गैर-बासमती माना जाता है। विदेश में इस चावल की काफी डिमांड है। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने कालानमक के निर्यात को लेकर एक नोटिफिकेशन जारी किया है। नोटिफिकेशन के अनुसार 1,000 टन तक के कालाचावल के निर्यात पर लगने वाला शुल्क को खत्म कर दिया गया है। कालानमक चावल के विदेशी शिपमेंट पर शुल्क 20 प्रतिशत लगता है। मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार चावल की इस किस्म के 1,000 टन तक के निर्यात पर शुल्क छूट बुधवार यानी आज से लागू होगी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने मंगलवार को 1,000 टन तक कालानमक चावल के निर्यात की अनुमति दी थी।


BAYC Institute
स्थापित : 1972

## बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga — अवधि : 02 वर्ष, योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science — अवधि : 02 वर्ष, योग्यता : 10th

DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science — अवधि : 03 वर्ष, योग्यता : 10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science — अवधि : 4½ वर्ष, योग्यता : 10+2

MD (Acu Yoga) | MD (TM) — अवधि : 01 वर्ष, योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) — अवधि : 02 वर्ष, योग्यता : BEMS

BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL: BA | MA — HINDI | POLITICAL SCIENCE | SOCIOLOGY | HISTORY



Proposed Campus

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties

» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि |



डॉ. अजय प्रकाश
सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं|

Apply Online : www.bayc.in



डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है| सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें|

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

## संक्षिप्त समाचार

### ग्रामीण विकास विभाग व सरकार के उप सचिव ने मांगा कौआकोल बीडीओ से स्पष्टीकरण

**कौआकोल।** कौआकोल बीडीओ सुनील कुमार चाँद के विरुद्ध निवर्तमान डीएम आशुतोष कुमार वर्मा के द्वारा प्रपत्र क गठन करने के साथ ही विभागीय कार्रवाई हेतु की गई अनुशंसा के बाद बीडीओ की मुश्किलें बढ़ गई है। इस मामले में ग्रामीण विकास विभाग ने आरोपों पर बीडीओ से कंडिकावार साक्ष्य सहित स्पष्टीकरण की मांग की है। सरकार के उप सचिव रवि कुमार के हस्ताक्षर से जारी पत्र में बीडीओ को प्रेषित करते हुए उल्लेखित किया गया है कि नवादा के डीएम के पत्रांक-160, दिनांक- 01 मार्च 2024 के द्वारा प्रतिवेदित आरोप पत्र के आलोक में आरोपों पर कंडिकावार स्पष्टीकरण बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के भाग-6 कंडिका 17(4) के तहत साक्ष्य सहित एक पक्ष के अंदर समर्पित करें कि क्यों नहीं आपके विरुद्ध नियमानुकूल अनुशासनिक कार्रवाई की जाय? उक्त स्पष्टीकरण पत्र की एक प्रतिलिपि नवादा डीएम को भी देकर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

### 18 बोतल अंग्रेजी शराब एवं 2 केन बियर के साथ तीन धंधेबाज गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**रजौली।** थाना क्षेत्र के समेकित जांच चौकी पर उत्पाद एएसआई अंकित कुमार ने बस से सफर कर रहे एक शराब धंधेबाज को 18 बोतल अंग्रेजी शराब एवं 2 केन बियर के साथ गिरफ्तार किया।उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने कहा कि बिहार मद्दनिषेध को सफल बनाने को लेकर बिहार झारखण्ड के सीमावर्ती समेकित जांच चौकी पर एसआई पिन्टू कुमार के नेतृत्व में झारखण्ड की ओर से आनेवाली प्रत्येक छोटी एवं बड़ी वाहनों की जांच सघनता पूर्वक किया जाता है।उत्पाद अधीक्षक ने कहा कि बीती रात्रि झारखण्ड की ओर से आनेवाली बस से शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया है।जब्त शराब में 750 एमएल के ब्लेंडर्स प्राइड के 4 बोतल,375 एमएल के ब्लेंडर्स प्राइड के 12 बोतल,750 एमएल के जॉनी वाकर के 2 बोतल एवं 500 एमएल के गॉडफादर के 2 केन बियर बरामद किया गया।वहीं गिरफ्तार शराब धंधेबाज की पहचान नालंदा जिले के सोहसराय थाना क्षेत्र के हैबीपुरा गांव निवासी कौशलेंद्र प्रसाद के पुत्र राज कुमार के रूप में हुई है।उत्पाद अधीक्षक ने कहा कि गिरफ्तार धंधेबाज एवं जब्त शराब व बियर को लेकर बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।वहीं गिरफ्तार शराब धंधेबाज को बुधवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।वहीं विभिन्न वाहनों से शराब पीकर सफर करने वाले 17 लोगों को हिरासत में ले लिया गया।जिसे बुधवार को न्यायलय में प्रस्तुत किया गया।जहां सभी शराब पीने वाले लोगों से जुर्माना की राशि वसूल कर उन्हें मुक्त किया गया।इस मौके पर उत्पाद एएसआई बिशु हेम्ब्रम,उत्पाद सिपाही,सैप बल एवं गृहरक्षक के जवान मौजूद रहे।

### मतदान केंद्रों के भौतिक सुविधाओं का हुआ समीक्षा

**नारदीगंज।** बीआरसी भवन नारदीगंज में बुधवार को मतदान केंद्रों से सम्बंधित प्रधान शिक्षकों की बैठक हुई। यह बैठक बीडीओ रंजीत कुमार व बीईओ महेश्वर रविदास ने संयुक्त रूप से की। आयोजित बैठक में आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 को नारदीगंज प्रखंड के मतदान केंद्रों में भौतिक सुविधाओं का समीक्षा की गई। आगमी 19 अप्रैल 2024 को चुनाव है। समीक्षा के दौरान कहा गया कि चुनाव को लेकर मतदान केंद्रों पर भौतिक सुविधाओं की पूरी व्यवस्था कर ली गई है। अधिकारियों ने कहा कि भौतिक सुविधाओं में मतदान केंद्रों पर शौचालय, पेयजल, रैम्प,बिजली,बिजली बोर्ड के अलावा व्हील चेयर होना अति आवश्यक है, ताकि मतदान के दिन मतदाताओं को अपने मताधिकार करने में कोई परेशानी नहीं हो ।इधर,बीईओ महेश्वर रविदास ने कहा मतदान के पूर्व मतदान केंद्र का चाभी व मोबाइल नंबर अपने विद्यालय के सचिव को अवश्य देने का निर्देश सभी प्रधान शिक्षकों को दिया, और इसकी सूचना अधोहस्ताक्षरी को देने की बात कही है। मौके पर विद्यालय प्राचार्य मनोज कुमार झा,प्राचार्य विपिन कुमार विमल,प्रभारी प्राचार्य डा0 कारु रजक,प्राचार्य संजय कुमार, शिक्षक मनोज कुमार,प्रभारी धर्मेंद्र कुमार चौहान समेत अन्य मौजूद रहे।

### पुलिस ने विभिन्न चार थाना काण्डों से चार अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**रजौली।** थाना क्षेत्र के बड़हर,छतनी,दिबौर एवं जोगियामारण गांव से विभिन्न थाना काण्डों में कुल चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि विगत 7 वर्षों से फरार चल रहे बड़हर गांव निवासी प्रेमचंद उर्फ कारू राजवंशी के पुत्र मंटू राजवंशी,छतनी के पलाकी गांव निवासी स्व बालेश्वर यादव के पुत्र देवा यादव,गोपालपुर के दिबौर गांव निवासी जवाहिर चौधरी के पुत्र पप्पू चौधरी एवं जोगियामारण गांव निवासी स्व दुखी मांझी के पुत्र के बालेश्वर मांझी को पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बलों के सहयोग से गिरफ्तार किया गया है।छापेमारी के दौरान एसआई गौतम कुमार एवं एएसआई जयशंकर भी शामिल रहे।थानाध्यक्ष ने कहा कि सभी गिरफ्तार लोगों को बुधवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।थानाध्यक्ष ने कहा कि अपर थानाध्यक्ष अजय कुमार द्वारा जॉबकला गांव के दक्षिण जंगल से एक शराब भट्ठी को ध्वस्त किया गया एवं 36 लीटर शराब भी बरामद किया गया।शराब भट्ठी के विनष्टीकरण में एसएसबी बल के अलावे स्थानीय चौकीदार मौजूद रहे।

### चुनाव को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया विधानसभास्तरीय बैठक

**वारिसलीगंज।** भारतीय जनता पार्टी वारिसलीगंज के द्वारा विधानसभा स्तरीय बैठक आयोजित किया गया. बैठक में मुख्य रूप प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का आगामी 7 अप्रैल को नवादा आगमन को लेकर की गयी. लोकसभा चुनाव से संबंधित व्यवस्था, ऑफिस उदघाटन सभी मंडलों में, सभी मंडल का प्रभारी नियुक्त किया गया. मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रदेश मीडिया प्रभारी सुनील सेवक , युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष ,आनन्द गौरव स्थानीय विधायक अरुणा देवी उपस्थित हुए, सुनील सेवक ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव 2024 सभी कार्यकर्त्ता के लिये महत्वपूर्ण है क्योंकि हमलोगो ने जो संकल्प लिया है अबकी बार 400 पार का संकल्प को सार्थक बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता पूरे लगन एवं समर्पित भाव से मोदी जी के 10 वर्षों के कार्यकाल को लोगों को बताना है. और इस बार 400 पर का लक्ष्य लेकर हम सभी कार्यकर्ता लोकसभा क्षेत्र में चुनावी समर में जाएंगे, मौके पर उपस्थित प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा आनंद गौरव ने कहा की आज के समय में भारत दुनिया का सबसे बड़ा युवा देश है और इस लोकसभा चुनाव में युवाओं की भूमिका बहुत ही हम है और हम सभी युवाओं को मोदी जी के अटल संकल्प अबकी बार 400 बार के नारे को सार्थक बनाने के लिए चुनावी समर में जाना है. और मोदी जी के हाथों को मजबूत बनाना है और देश को तीसरी बार प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत निर्माण करना है इस मौके पर जिला महामंत्री भाजपा, विधानसभा प्रभारी शैलेंद्र सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता श्रवण सिंह, श्याम सुंदर सिंह, अल्लाह बहादुर सिंह सभी मंडल अध्यक्ष जिला मीडिया प्रभारी गोपाल कुमार सोनू, मुखिया राजकुमार सिंह,चंद्र मौली शर्मा, विधानसभा विस्तारक कुंदन कुसुम सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे.

### बालू लदे ट्रक ने अपाची बाइक में मारा टक्कर दो घायल, पीएमसीएच रेफर

**छपरा।** मशरक थाना क्षेत्र के महावीर चौक और हनुमानगंज गांव में बाइक दुर्घटना में दो महिला गंभीर रूप से घायल हालत में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया। महावीर चौक पर बालू लदे ट्रक ने पल्सर बाइक में टक्कर मार दी जिसमें चरिहारा गांव निवासी केशव सिंह की 50 वर्षीय पत्नी रानी देवी घायल हो गयी जो बेटे के साथ बाजार करने आई थी और हनुमानगंज गांव में बाइक दुर्घटनाग्रस्त होने से बनियापुर थाना क्षेत्र के खाकी मठिया गांव निवासी ओम प्रकाश कुमार की 25 वर्षीय पत्नी जूली कुमारी घायल हो गयी। जो अपने नैहर गंगौली गांव आ रहीं थीं। घायल दोनों महिला का चिकित्सक पदाधिकारी संजय कुमार सिंह,डॉ राकेश रंजन ने प्राथमिक उपचार कर पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया।

# मनोहर मेमोरियल हॉस्पिटल पर लगा एक और दाग, ऑक्सीजन का बहाना बनाकर मृत मरीज को निकाला बाहर

## डॉक्टर और अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही से गई जान,मृतक के पुत्र का आरोप

निज संवाददाता। **रजौली**

थाना क्षेत्र के ड्योढ़ी स्थित मनोहर मेमोरियल अस्पताल अक्सर विवादों में चल रहा है।जहां आये दिन डॉक्टर एवं अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही से मरीजों की मृत्यु होने के आरोप लगते रहते हैं।बीते कुछ माह पूर्व भी डीह रजौली के एक दुधमुहे बच्चे की जान इलाज के क्रम में हो गई थी।वहीं बीते मंगलवार की देर शाम एक अधेड़ की मृत्यु हो गई।जिसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने ऑक्सीजन खत्म होने की बात परिजनों से कहकर शव को अस्पताल से बाहर कर पुलिस को सुरक्षा हेतु बुला लिया।मृतक की पहचान सिरदला के परनाडावर थाना क्षेत्र निवासी 50 वर्षीय राजेंद्र मिस्त्री के रूप में हुई है।परिजनों द्वारा अस्पताल के बाहर हंगामा होने के बाद डायल 112 एवं थाना के पुलिस बल मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गए।वहीं परिजनों द्वारा थाने को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई करने की बात कही जा रही है।मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया था।



**क्या कहते हैं परिजन-** मृतक के पुत्र शंकर कुमार ने कहा कि उनके पिता बढ़ई का काम करते थे एवं शनिवार की शाम को काम करके घर लौटे एवं चौक पर नाश्ता आदि करने चले गए।इसी बीच उन्होंने कहा कि उनकी तबियत ठीक नहीं लग रही है,मुझे डॉक्टर के पास लेकर चलो।जिसके बाद पुत्र अपने बीमार पिता को लेकर सिरदला स्थित अस्पताल गए,जहां चिकित्सक नहीं रहने के कारण वे रजौली स्थित मनोहर मेमोरियल अस्पताल में शाम को लगभग 6:15 बजे भर्ती कराये।भर्ती के समय पिता खुद चलकर अस्पताल में भर्ती हुए।भर्ती के समय अस्पताल प्रबंधन ने 2000 रुपये जमा करने का निर्देश दिया।साथ ही अस्पताल के दो-चार नर्स पिता को एक रूम में ले जाकर टेस्ट आदि के लिए ले गए।इस दौरान अस्पताल के प्रबंधक ने कहा कि दस मिनट में तुम्हारे पिता ठीक हो जाएंगे।किन्तु लगभग आधे घण्टे अस्पताल कर्मी पिता को स्ट्रेचर पर लेकर आये और उनके मुंह से झाग आदि निकल रहा था और वे अचेतावस्था में थे।अस्पताल कर्मियों ने कहा कि अस्पताल में ऑक्सीजन खत्म है।इसलिए इन्हें जल्दी से सरकारी अस्पताल लेकर जाइये।जब महज 500 मीटर स्थित अनुमंडलीय अस्पताल लेकर निजी वाहन से गए तो वहां ड्यूटी में रहे चिकित्सक ने पिता को मरा हुआ घोषित किया।मृत होने की खबर सुनते ही परिजन मनोहर मेमोरियल अस्पताल के बाहर हंगामा करने लगे।पुलिस ने परिजनों को कानूनी कार्रवाई करने की बात कहकर लिखित आवेदन देने को कहा।

**बिना पर्ची रेफर किया गया मरीज-** मृतक के पुत्र ने कहा कि मनोहर मेमोरियल अस्पताल द्वारा किसी प्रकार की बिना पर्ची दिए उन्हें अस्पताल से ऑक्सीजन खत्म होने का बहाना बनाकर भगा दिया गया।वहीं अनुमंडलीय अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक ने कहा कि शनिवार की शाम को लगभग सात बजे एक व्यक्ति को अस्पताल लाया गया था।जो पहले से ही मृत था।जिसके कारण उसकी इंट्री अनुमंडलीय अस्पताल में नहीं की गई है।

**क्या कहते हैं अस्पताल प्रबंधक-** मनोहर मेमोरियल अस्पताल के प्रबंधक आलोक कुमार ने कहा कि मंझौली गांव से राजेन्द्र मिस्त्री नाम का मरीज महज 15 मिनट ही अस्पताल में रहा।जब उसे भर्ती कराया गया था तो नर्सिंग स्टाफ द्वारा जांच में मरीज का ब्लड प्रेशर 183/149 एवं ब्लड सुगर 239 था।बीपी कम करने की दवाई दी गई एवं चिकित्सक के निर्देश पर कुछ ब्लड जांच आदि भी किया जाने का निर्देश दिया गया था।इसी बीच मरीज की तबियत अचानक बिगड़ गई।जिसे उच्चतर अस्पताल जाने को निर्देशित किया गया।थोड़े ही देर बाद मरीज के परिजनों द्वारा मृत होने की सूचना दी गई और अस्पताल के बाहर हंगामा होने लगा।

**चिकित्सक एवं अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही से गई जान-** मृतक के परिजनों का आरोप है कि मनोहर मेमोरियल अस्पताल के चिकित्सक एवं प्रबंधक की लापरवाही से जान गई है।ये लोग जानबूझकर किसी प्रकार की पर्ची आदि दिए बिना रेफर कर दिए।परिजनों ने यह भी कहा कि जो मरीज अस्पताल चलकर खुद भर्ती हुआ है,वो मात्र आधे घण्टे में स्ट्रेचर पर कैसे आ गया।अगर इतनी ही तबियत खराब थी,तो फिर उन्हें बिना पर्ची के क्यों सरकारी अस्पताल भेज दिया गया।परिजनों ने कहा कि मरीज के साथ अस्पताल कर्मी ने क्या-क्या दवाईयां दी उन्हें कुछ भी जानकारी नहीं है।उन्हें यह भी पता नहीं है कि मनोहर मेमोरियल अस्पताल में किसी चिकित्सक ने इलाज किया है या नर्सिंग स्टाफ ने तजुर्बे के तौर पर ही गलत इलाज कर मरीज को मार दिया है।

**क्या कहते सिविल सर्जन -** नवादा सिविल सर्जन डॉ. रामकुमार ने कहा कि घटना की जानकारी नहीं है।मृतक के परिजनों द्वारा जानकारी दिए जाने के बाद उचित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**क्या कहते हैं थानाध्यक्ष -** थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि मनोहर मेमोरियल अस्पताल में एक मरीज के मौत के बाद हंगामा की सूचना मिली थी।जिसके बाद गश्त में रहे पुलिस बलों को अस्पताल के समीप भेजकर परिजनों को समझाया गया।साथ ही लिखित आवेदन देने को भी कहा गया।किन्तु अबतक मृतक के परिजन द्वारा लिखित आवेदन नहीं दिया गया है।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले भर में चलाया जा रहा है मतदाता जागरूकता अभियान

## पहले मतदान, फिर जलपान

निज संवाददाता। **नवादा**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, नवादा के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न विभागों के द्वारा विभिन्न तरह की गतिविधियां चलायी जा रही है। नवादा जिला अन्तर्गत सभी प्रखंडों, पंचायतों, सुदूरवर्ती इलाकों, ग्रामीण क्षेत्रों तथा शहरी क्षेत्रों में स्वीप के तहत श्लोगन निर्माण के माध्यम से अभियान चलाया गया। सुव्यवस्थित मतदाता जागरूकता अभियान नवीन स्लोगन प्रतियोगिता के माध्यम से आज छात्र छात्राओं ने मतदाताओं को जागरूक करते हुए '' भारत देश महान है, करते सब मतदान है'' , ''आओ मिलकर अलख जगाये , शत-प्रतिशत मतदान कराएं'' , ''जन-जन की यही पुकार , वोट डालना अबकी बार'', निर्भय होकर मतदान करेंगे देश का हम सम्मान करेंगे'' आदि स्लोगन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वह अपने मत का प्रयोग स्वयं करें और दूसरों को भी अपने मत के प्रयोग के लिए प्रेरित करें। मतदान का प्रयोग पूर्ण रूप से निर्भय होकर करें ताकि अपने देश के लिए एक महान और सदाचारी श्रेष्ठ व्यक्ति का चुनाव कर सकें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी नवादा के निर्देशानुसार आज जवाहर लाल नेहरू कॉलेज चंडीनामां काशीचक में जिला आइकॉन राहुल वर्मा के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला आइकॉन ने नये वोटर्स को चिन्हित कर फॉर्म नंबर 6 भरने का निर्देश दिया और इस अभियान के तहत लोगों से अपील की गयी कि जिस प्रकार प्रवासी लोग हर वर्ष पर्व में घर आते हैं उसी प्रकार लोकतंत्र के त्यौहार में भी घर आकर वोट देने के लिए प्रेरित करें, युवाओं को प्रेरित करने के लिए फिल्म और गीतों का प्रदर्शन भी किया गया। जिला आइकॉन राहुल वर्मा ने युवा मतदाताओं को शपथ दिलाया कि ''हम आने वाले लोकतंत्र के महा त्यौहार में अपनी भागीदारी निभाते हुए मेरा पहला वोट देश के लिए देंगे'' और साथ ही आज से सोशल मीडिया के माध्यम से छात्रों से अपील की गयी की वह रोज फेसबुक इंस्टा पर चुनाव से संबंधित पोस्ट शेयर करते रहें ताकि लोग मतदान के प्रति पहले से जागरूक रहें। चुनाव आयोग द्वारा दी गई जानकारी भी मतदाताओं को दी गई।




# जिला टॉपर सपना को किया गया सम्मानित



निज संवाददाता। **कौआकोल**

प्रखण्ड के उच्च माध्यमिक विद्यालय नावाडीह से इंटर की परीक्षा में शामिल होकर राज्य भर में छठा स्थान पाई जिला टॉपर सपना कुमारी को बुधवार को सम्मानित किया गया। बापू इंटर विद्यालय पांडेयगंगौट में समारोह आयोजित कर सपना को विद्यालय परिवार को ओर से सम्मानित किया गया। आयोजित सम्मान समारोह के दौरान विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार के द्वारा सपना को ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी,डायरी एवं कलम देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य अजय कुमार ने कहा कि सपना शुरू से ही मेधावी एवं लगनशील छात्रा रही है। उन्होंने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर शिक्षक सुरेन्द्र नारायण, ओमप्रकाश कुमार, संदीप कुमार, आरती कुमारी, अन्नू सिंह, अंजली, सुमन, आराधना, चन्दन आदि मौजूद थे।

# पूर्व मुखिया ममता देवी अपने पति के लिये चलाया जनसंपर्क अभियान

निज संवाददाता। **नवादा**

आगामी 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिये धीरे धीरे चुनाव प्रचार में तेजी आ रही है. सात अप्रैल को प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर जहां एनडीए प्रत्याशी तैयारी कर रहे हैं वही महागठबंधन से राजद प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा की पत्नी कादिरगंज पंचायत की पूर्व मुखिया ममता देवी अपने पति के समर्थन में क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान में लग कर पति के पक्ष में वोट करने की अपील कर रही है. ममता देवी अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ नारदिगंज प्रखंड के दर्जनों गावं में घूम घूम कर मतदाताओं से वोट देने की अपील कर रही है. ममता ने कहा की पिछले कई दशकों से नवादा लोकसभा क्षेत्र



बाहरी लोगों के हाथो गिरवी रखी हुई है. यहाँ बाहर के लोग आकर अपना उल्लू सीधा कर लेते हैं और नवादा का विकास एवं समस्याओं का मुद्दा गौण हों जाता है. बाहरी सांसद को क्षेत्र में सिर्फ चुनाव के समय ही दर्शन देते हैं. उन्होंने कहा की नवादा को विकास की पटरी पर लाने के लिये स्थानीय सांसद का होना जरूरी है. उन्होंने कहा की सामाजिक न्याय के पुरोधा आदरणीय लालू प्रसाद यादव ने जमात की राजनीति को तरजीह दिया है. उन्होंने श्रवण कुशवाहा को लोकसभा भेजनें एवं बिहार के युवा नेता तेजस्वी यादव के हाथो को मजबूत करने की अपील किया. मौके पर पूर्व जिला पार्षद रीना कुशवाहा, ललिता कुशवाहा सहित दर्जनों की संख्या में समर्थक मौजूद थे.

# अच्छे प्रदर्शन करने वाले छात्र हुए सम्मानित

निज संवाददाता। **नारदीगंज**

प्रतिभा कहां किसकी मोहताज होती है :-ये चरितार्थ कर के दिखाया गांव के बच्चों ने। वे अच्छा अंक लाकर अपने माता पिता के साथ गांव समाज को गौरवान्वित कर अपने गुरु को सच्चा उपहार भेट किया। कार्यक्रम में बुधवार को दसवीं कक्षा के प्रतिभा वान बच्चों को प्रोत्साहित किया गया।

आयोजित कार्यक्रम में मॉडर्न कैरियर लॉन्चर नारदीगंज में 2024 की वार्षिक परीक्षा में सफल छात्रों को पुरस्कृत किया गया।इस दौरान कोचिंग संस्थान के निर्देशक नीरज कुमार पांडेय ने बताया की 60 से अधिक बच्चे फर्स्ट डिवीज़न से पास किये है ।

सभी बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। जिसमे




निखिल कुमार 455 अंक, तमशील अंसारी 453अंक, राजीव कुमार 442 अंक, अंजना कुमारी, 423 अंक, फैशल अंसारी 415 अंक, सुमन कुमारी 413 अंक, सानिया परवीन 411 अंक तथा ईशा कुमारी 400अंक, अनुष्का मिश्रा 389 अंक, समेत 60 बच्चों को पुरस्कृत किया गया मौके पर शिक्षक शैलेन्द्र कुमार, मनीष कुमार ,चन्दन कुमार ,आयुष्मान उपस्थित रहे।

### शर्ट सर्किट से घर में लगी आग, हजारों रुपये मूल्य की संपत्ति जलकर राख

**छपरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बरेजा गांव स्थित वार्ड संख्या दो में बुद्धवार की दोपहर एक झोपड़ीनुमा मकान में बिजली की शर्ट सर्किट से लगी आग में हजारों रुपये मूल्य की संपत्ति जलकर नष्ट हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बरेजा नहर के समीप सतेंद्र शर्मा के मकान में अचानक आग लग गयी जिसमे रखे दो साइकिल , एक मोटरसाइकिल समेत खाने पीने के कई समान समेत आवश्यक सामग्री आग की लपट में राख हो गया। आग लगते ही आसपड़ोस के दर्जनो लोग काबू पाने के लिए घरेलू उपक्रम लेकर दौड़े, जहाँ घंटो मस्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। वही स्थानीय लोगो का कहना है कि घटना के समय घर के सभी सदस्य अपने खेती बाड़ी के कार्यो में लगे थे। तभी अचानक आग की तेज लेफ्ट और धुंआ देख शोर मचाये।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को किया सम्मानित

निज संवाददाता। **नारदीगंज**

प्रखंड में स्थित आवासीय मॉर्डन इंग्लिश स्कूल पंडपा में वार्षिक परीक्षा का बुधवार को परिणाम घोषित किया गया ।विद्यालय के निदेशक कृष्णदेव शर्मम्न चक्रवर्ती ने बताया की वार्षिक परीक्षा में नर्सरी से आठवीं कक्षा जो भी छात्र अपनी कक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले को सम्मानित किया गया है।उन्होंने कहा 90 प्रतिशत अंक लाने वाले छात्र व छात्राएं में कर्मवीर, शिवानी, शुभम, रिषु राज, साक्षी, सुहानी, ओवायस हामिद, अनमोल, कमलेश, नीरज, त्रिशिका चक्रवर्ती समेत अन्य को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्राचार्या कुमकुम कुमारी,



राहुल देव शर्मम्न चक्रवर्ती,खुशी कुमारी, कुंदन कुमार, विकास कुमार, मुन्ना कुमार, अभिषेक कुमार, शिमरन कुमारी को आठवीं कक्षा के छात्र व छात्राओं ने भी विद्यालय संचालक व शिक्षकों को सम्मानित किया। इस दौरान सभी छात्र,छात्राएं अच्छा परिणाम पाकर काफ़ी खुश नजर आये ,वही माता पिता ने भी प्रसन्नता जाहिर की।

# लोकसभा चुनाव के लेकर निकाला गया फ्लैग मार्च



निज संवाददाता। **वारिसलीगंज**

आगामी 19अप्रैल को पहले चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर थानाध्यक्ष रुपेश कुमार सिन्हा के नेतृत्व में नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में फ्लैग मार्च निकाला गया. मार्च में पुलिस अधिकारी एवं दर्जनों महिला एवं पुरुष पुलिसबल मौजूद थे. थानाध्यक्ष ने बताया कि चुनाव को लेकर विधि व्यवस्था को लेकर यह मार्च निकाली गयी है.पहले चरण में नवादा लोकसभा का चुनाव होना है,उन्होंने कहा कि चुनाव को निष्पक्ष एवं भय मुक्त कराने के लिये पुलिस प्रशासन कटिवद्ध है.मौके पर स्थानीय थाना सहित कई अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे.

## संक्षिप्त समाचार

### दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष, 9 जख्मी :पूर्व से चले आ रहे विवाद को लेकर आपस में भिड़े, छह लोगों की हालत गंभीर



**आरा(भोजपुर)ा, एजेंसी।** भोजपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बेलघाट महुली गांव में मंगलवार को पूर्व के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। जिसमें दोनों पक्षों से एक महिला समेत नौ लोग से जख्मी हो गए। इसके बाद सभी को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार ज़ख्मियों में एक पक्ष के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बेलघाट महुली गांव निवासी सियाघर यादव की पत्नी बासमतों देवी, दो पुत्र उमेश यादव, रमेश यादव, बहु मंजू देवी एवं भतीजा संतशरण यादव शामिल है। जबकि दूसरे पक्ष से उसी गांव के निवासी वीरेंद्र यादव, उनका अभिषेक यादव व दो भतीजा दीपक कुमार एवं मुन्ना कुमार शामिल है। इधर एक पक्ष के उमेश यादव ने बताया कि दो माह पूर्व दूसरे पक्ष का एक लड़का उनके छत पर चढ़ गया था और उनके छत से उनके घर की महिलाओं पर टोनेबाजी कर रहा था। जिसको लेकर उन्होंने उसका विरोध किया था तो उस समय भी कहासुनी हुई थी। हालांकि बात खत्म हो गई थी। जब उनके भाई बगीचा में गए थे। तभी दूसरे पक्ष के एक लड़के द्वारा कहा गया कि वह मुझे मारने के लिए आया है। जिसके बाद दूसरे पक्ष के लोग लाठी-डंडा के साथ उनके घर पर गए और सभी लोगों की पिटाई कर दी। जबकि दूसरे पक्ष के वीरेंद्र यादव ने बताया कि पहले पक्ष के रमेश यादव द्वारा उनके खेत में लगे चने को तोड़ा जा रहा था। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो उक्त पक्ष के लोगों से कहासुनी हुई। जिसके उनलोगों द्वारा लाठी-डंडों से सभी की पिटाई कर दी गई। हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

### मित्र पर विपत्ति आने पर बताये उपाय

**भागलपुर/शाहकुंडा, एजेंसी।** प्रखंड के मानिकपुर गांव में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथावाचिका ब्रज प्रिया किशोरी ने कहा कि मित्र पर विपदा आने पर अपना सुख नहीं बताना चाहिए। इस समय मित्र को विपदा से निबटने का उपाय बताना चाहिए। उन्होंने यह बात नंद बाबा और वसुदेव के बीच की कथा के प्रसंग के दौरान कही। उन्होंने कहा कि जब वसुदेव जी नंद बाबा से यह कहते हैं कि तुम्हारे घर बालक का जन्म हुआ है और तुमने यह खुशी है की बात मुझे बताई नहीं तो नंद बाबा ने कहा कि मैं अपनी खुशी इसलिए नहीं बताया कि आपके सात पुत्रों और एक पुत्री को कंस ने मार डाला है। ऐसे में मैं अपनी खुशी क्या बताऊं। इस प्रसंग में भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं की कथा सुनाई गई।

### जले फसल का आकलन करेंगे राजस्व कर्मचारी

**भागलपुर/सबौरा, एजेंसी।** प्रखंड क्षेत्र के इंग्लिश बहियार में शार्ट सर्किट से सोमवार आग लगने से सौ बीघे गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गयी थी। इस मामले में सीओ ने राजस्व कर्मचारियों को नुकसान का आकलन करवाने का दिशा-निर्देश दिया है। वहीं किसानों ने सरकार से मुआवजे की आस रखी है। किसानों में फसल जलने के बाद हताश और निराशा है। कर्ज और रैयत को अनाज चुकता करने का भी डर सता रहा है। इस संबंध में सीओ सौरभ कुमार ने कहा कि नष्ट हुए फसल का आकलन करवाया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। सबौर विद्युत विभाग के कनीय अभियंता दीपक कुमार राही ने किसानों से अपील किया है कि भविष्य में बहियार में खंभे के समीप जंफर के आसपास फसल न लगाए। जो फसल लगा दिया गया है तो आसपास के सूखे फसल को जल्द काट लें। जंफर के पास अधिक शॉर्ट सर्किट की संभावना रहती है। उसी से चिंगारी आसपास गिरने से भी आग लगने की संभावना अधिक रहती है। जो भी किसान पटवन के लिए नंगे बिजली के तार का प्रयोग करते हैं तो वह बंद कर दें और बिजली विभाग जिस तार से कनेक्शन दे रही है उसे ही उपयोग करें।

# बीजेपी के गढ़ में बेटी रोहिणी आचार्या की हुंकार सारण को कर्मभूमि बनाएंगी लालू की लाडली

**सारणा, एजेंसी।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने मंगलवार को अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करने के बाद कहा कि वह सारण को अपनी कर्मभूमि बनाएंगी। वह सारण लोकसभा सीट से राजद की प्रत्याशी हैं। बता दें कि वर्तमान समय में सारण लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) का कब्जा है और इस सीट से 2019 में राजीव प्रताप रूड़ी ने चुनाव जीता था। सोशल मीडिया पर अपनी सक्रियता और पिता को किडनी दान करने के कारण चर्चा में रहीं रोहिणी आचार्य ने मंगलवार को पटना से सारण के लिए रवाना होने से पहले माता-पिता (लालू प्रसाद और राबड़ी) के चरण स्पर्श किए और घर में बने मंदिरों में पूजा-अर्चना की। रोहिणी आचार्य ने मीडिया के साथ बातचीत के दौरान कहा कि हमने कल बाबा हरिहा नाथ का आशीर्वाद लिया। अब मैं सारण में अपने मतदाताओं से मिलने जा रही हूं। आपको भी मुझे आशीर्वाद देना चाहिए। मंगलवार को प्रचार अभियान के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मैं सारण के लोगों से मिल रहे अपार प्यार और आशीर्वाद से अभिभूत हूं। यहां के मतदाता जिस तरह से मुझसे मिल रहे हैं, उससे ऐसा लगता है जैसे कि एक बेटी अपने घर आई हो। मैं धन्य हूं। यह (सारण) मेरे पिता की कर्मभूमि रही है और अब यह मेरी कर्मभूमि होने जा रही है। बता दें कि सारण में पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होगा।




### पिता को किडनी दी लेकिन सारण की जनता के लिए जान हाजिर है : रोहिणी आचार्य

सारण से रोहिणी आचार्य को मैदान में उतारने के राजद के फैसले पर टिप्पणी करते हुए बिहार भाजपा अध्यक्ष और राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को पटना में कहा कि अपने परिवार के सदस्यों को चुनावी राजनीति में उतारना राजद प्रमुख लालू प्रसाद की पहचान रही है। इसे कहते हैं वंशवादी राजनीति। वह (लालू) अब तक अपने दो बेटों और दो बेटियों को राजनीति में ला चुके हैं, अब देखते हैं कि उनकी बाकी पांच बेटियां, जो हमारी बहनें हैं, उन्हें कब राजनीति में लाते हैं।

### हमारी 5 बहनें बच गई हैं, उनको कब उतारेंगे... सम्राट चौधरी के निशाने पर लालू यादव

वहीं राज्य के एक अन्य उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने भी रोहिणी आचार्य पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह अभी सिंगापुर में रहती हैं और अब यहां (सारण) से चुनाव लड़ रही हैं। जनता तय करेगी कि किसे जिताना है–उसे जो बिहार के प्रति प्रतिबद्ध है (सारण से भाजपा उम्मीदवार राजीव प्रताप रूडी) या वह जो सिंगापुर से आई हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि भाजपा नीत राजग राज्य की सभी 40 लोकसभा सीट पर जीत दर्ज करेगा।

### कहलगांव शहर जाम और धूल से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**भागलपुर/कहलगांवा, एजेंसी।** कहलगांव शहर के बीचों-बीच एनएच-80 पर मंगलवार को सुबह और शाम को रूक-रूक कर भीषण जाम लगता रहा। ऐसे में आम लोगों को जाम से परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस बीच पुलिस वाहन में बैठे पुलिसकर्मी भी जाम में मूकदर्शक बने रहे। आते जाते लोगों ने भी पुलिस को कोसते व चर्चा करते हुए कह रहे थे कि गश्ती दल के जवानों को गाड़ी से उतरकर जाम हटवाना चाहिए। शायद हर रोज कि यही कहानी होने से पुलिस जवान भी गाड़ी से उतरना नहीं चाहते हैं।

इधर विद्यालयों में शुरू हो रहे नये सत्र को लेकर पुस्तक खरीदारी के लिये विद्यार्थियों व अभिभावकों के साथ ही रमजान के माह में बाजारों से खरीदारी करने वाले? लोग भी इस लगने वाले जाम में परेशान दिख रहे थे। खबर? लिखे जाने तक देर शाम जाम की स्थिति यथावत थी। दूसरी तरफ जाम टूटने के बाद वाहनों के आवागमन से उड़ रही धूल से भी लोग काफी परेशान दिख रहे थे। इस उड़ती धूल की समस्याओं को लेकर पूर्व में भी कई बार दिन में तीन बार पानी छिड़काव करवाने के लिए एसडीएम ज्ञापन सौंपा गया था। परंतु दिन में एक बार भी पानी का छिड़काव नहीं होने जनजीवन प्रभावित है।

# पहले चरण में बिहार की 4 सीटों पर 38 कैंडिडेट, नवादा में निर्दलीय गुंजन सिंह बिगाड़ सकते हैं खेल



**गयाा, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण में बिहार की चार लोकसभा सीटों जमुई, गया, नवादा और औरंगाबाद पर 19 अप्रैल को मतदान होना है। मंगलवार को नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों की फाइनल लिस्ट आ गई है। चार सीटों पर कुल 38 प्रत्याशी मैदान में हैं। गया, औरंगाबाद और जमुई में मुख्य मुकाबला एनडीए और महागठबंधन के बीच ही होता नजर आ रहा है। वहीं, नवादा में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे भोजपुर-मगही सिंगर गुंजन कुमार सिंह एनडीए और महागठबंधन का खेल बिगाड़ सकते हैं।

पहले चरण में गया लोकसभा सीट पर सबसे ज्यादा 14 प्रत्याशी मैदान में हैं। यहां एनडीए से हमसंरक्षक जीतनराम मांझी तो महागठबंधन से आरजेडी नेता कुमार सर्वजीत ने नामांकन किया है। साथ ही बसपा एवं अन्य क्षेत्रीय दलों के अलावा 7 निर्दलीय भी ताल ठोक रहे हैं। औरंगाबाद में बीजेपी के सुशील कुमार सिंह और आरजेडी के अभय कुशवाहा समेत 9 प्रत्याशी मैदान में हैं। जमुई से आरजेडी की अर्चना कुमारी और लोजपा रामविलास के अरुण भारती समेत कुल 7 कैंडिडेट चुनाव लड़ रहे हैं।

नवादा में बीजेपी के विवेक ठाकुर और आरजेडी के श्रवण कुमार समेत 8 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला होना है। इसमें भोजपुरी स्टार गुंजन कुमार भी शामिल हैं। गुंजन बीजेपी से टिकट नहीं मिलने पर निर्दलीय मैदान में उतरे हैं। उनके नामांकन में यूट्यूबर मनीष कश्यप भी पहुंचे थे। एनडीए के साथ ही महागठबंधन के वोटों में वे सेंधमारी कर सकते हैं।

पहले चरण की चारों सीटों पर बसपा भी चुनाव लड़ रही है। इसके अलावा बिहार में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने भी कुछ सीटों पर कैंडिडेट उतारने की घोषणा की है। हालांकि, पहले चरण में ओवैसी की पार्टी के किसी उम्मीदवार ने नामांकन नहीं किया। नवादा को छोड़कर पहले चरण की शेष सभी सीटों पर प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न भी आवंटित कर दिए गए हैं। नवादा के जिला पदाधिकारी का तबादला होने से चुनाव चिह्न का आवंटन नहीं हो पाया। इसके लिए राज्य निर्वाचन कार्यालय को प्रस्ताव भेजा गया है।

# पप्पू यादव नहीं बैठेंगे, बोले- 24 दिन, 24 घंटे जुट जाएं मैदान में; 24 का चुनाव जीतेंगे पूर्णिया के सम्मान में

**पूर्णिया, एजेंसी।** बिहार की पूर्णिया लोकसभा सीट पर महागठबंधन से चुनाव लड़ने का मौका नहीं मिलने पर पूर्व सांसद पप्पू यादव अब आर-पार के मूड में आ गए हैं। उन्होंने मंगलवार को अपने समर्थकों से मैदान में जुट जाने के लिए कहा है। उन्होंने संकेत दे दिए हैं कि वह लोकसभा का चुनाव लड़ने जा रहे हैं। भले ही कांग्रेस से उन्हें सिंबल नहीं मिले, वे निर्दलीय ही मैदान में उतरेंगे। पप्पू यादव ने कहा कि 2024 का चुनाव वह पूर्णिया के सम्मान में जीतकर दिखाएंगे। दरअसल, पूर्णिया सीट महागठबंधन में आरजेडी के खाते में आई है। लालू यादव की पार्टी ने यहां से विधायक बीमा भारती को उम्मीदवार बनाया है। इससे अपनी जन अधिकार पार्टी का कांग्रेस में विलय करने वाले पप्पू यादव को करारा झटका लगा। वे कांग्रेस के टिकट पर पूर्णिया से 2024 का चुनाव लड़ना चाहते थे। पप्पू यादव ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर की। इसमें उन्होंने लिखा, ÷साथियों, अगले 24 दिन 24 घंटे मैदान में जुट जाएं, 24 का चुनाव जीतेंगे पूर्णिया के सम्मान में।÷ पप्पू यादव ने पूर्व में पूर्णिया सीट से मंगलवार को नामांकन दाखिल करने की घोषणा की थी। हालांकि, अब वह 4 अप्रैल को अपना पर्चा भरेंगे। इस सीट पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना है। इससे पहले उन्होंने आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से पूर्णिया सीट पर पुनर्विचार करने की अपील की थी। पप्पू यादव ने कहा कि गठबंधन हित में लालू यादव पूर्णिया सीट कांग्रेस के लिए छोड़ दें। मगर, आरजेडी ने उनकी इस अपील को दरकिनार कर दिया है, ऐसे में अब पप्पू यादव के निर्दलीय चुनावी मैदान में उतरने के कयास लगाए जा रहे हैं। दूसरी ओर, कांग्रेस पप्पू यादव को पूर्णिया से सिंबल देने के मूड में नहीं है। अगर फिर भी वे पूर्णिया से निर्दलीय ताल ठोकते हैं तो पार्टी उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई कर सकती है।



**पूर्णिया में त्रिकोणीय होगा मुकाबला? :** पप्पू यादव अगर निर्दलीय चुनावी मैदान में उतरते हैं तो पूर्णिया लोकसभा सीट पर मुकाबला त्रिकोणीय हो जाएगा। पिछले कुछ महीनों में पप्पू यादव ने इस लोकसभा क्षेत्र में जनसंपर्क कर अपना जनाधार बढ़ाया है। कांग्रेस में आने से पहले उन्होंने पिछले दिनों पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में विशाल रैली का आयोजन किया था। इसमें बड़ी संख्या में लोग जुटे थे। पूर्णिया में महागठबंधन बीमा भारती और एनडीए से मौजूदा जेडीयू सांसद संतोष कुशवाहा मैदान में हैं।

# कंप्यूटर ऑपरेटर का फंदे से लटका मिला शव

## किराए के मकान में अकेला रहता था, परिजनों ने एसडीओ पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

**सुपौला, एजेंसी।** सुपौल के त्रिवेणीगंज थाना इलाके के नगर परिषद क्षेत्र संख्या वार्ड-6 में स्थित एक किराए के मकान में एक युवक का फंदे से लटका हुआ शव बंद कमरे से बरामद हुआ है। मृतक की पहचान जिले के डगमारा थाना अंतर्गत राजपुर वार्ड नंबर-3 निवासी सुरेंद्र यादव के 25 वर्षीय पुत्र पप्पू कुमार यादव के रूप में हुई है। मृतक त्रिवेणीगंज अनुमंडल कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर का काम करता था। इकलौते पुत्र था। मंगलवार को काम से वापस घर लौटा। बंद कमरे में फंदे से लटक जान दे दी। पड़ोस में रहने वाले लोगों ने पप्पू को आवाज लगाई तो बाहर नहीं निकलें। झांककर देखा तो पप्पू फंदे से झूलता हुआ नजर आया। सूचना त्रिवेणीगंज थाने की पुलिस को दी गई। त्रिवेणीगंज थाना अध्यक्ष राम सेवक रावत ने प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिनव भारती और डीसीएआर संस्कार रंजन को जानकारी दी। मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में लाश को उतारा गया और परिजनों को सूचना दी गई।

### रात 1 बजे परिजन अस्पताल पहुंचे

परिजन मंगलवार की रात करीब 1:00 बजे अस्पताल पहुंचे। परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि त्रिवेणीगंज एसडीओ के काम के प्रेशर को लेकर कंप्यूटर ऑपरेटर काफी परेशान रहता था। नौकरी से निकाल दिए जाने की धमकी दी जाती थी। प्रेशर में उसने सुसाइड कर लिया है।



### मामले की जांच की जा रही है

त्रिवेणीगंज अनुमंडल के एसडीपीओ विपिन कुमार ने कहा कि कंप्यूटर ऑपरेटर ने सुसाइड कर लिया है। परिजनों को बुलाया गया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### किराए के मकान में अकेला रहता था

पप्पू कुमार यादव की शादी जिले के किशनपुर थाना इलाके के एक गांव में लगी थी। जो आगामी 28 अप्रैल को होनी थी। मृतक के परिजनों ने बताया कि पप्पू तीन वर्षों से त्रिवेणीगंज अनुमंडल कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर था। जो त्रिवेणीगंज नगर परिषद के वार्ड नंबर 6 निवासी विद्यानंद यादव के मकान में अकेला में रहता था।

### परिजनों का आरोप बेबुनियाद है

त्रिवेणीगंज अनुमंडल के एसडीओ शंभू नाथ ने कहा कि बेल्ट्रॉन के माध्यम से बहाल कंप्यूटर ऑपरेटर पप्पू कुमार यादव ने अपने बंद कमरे में फंदे से लटक कर जान दी है। मंगलवार को ऑपरेटर कार्यालय आया था, लेकिन मुझसे मुलाकात चुनाव में व्यस्त होने की वजह से नहीं हो सकी थी। मृतक के परिजन जो आरोप लगा रहे हैं, बेबुनियाद और निराधार है।

# बिहार में अगले पांच दिनों तक शुष्क बना रहेगा मौसम



**पटनाा, एजेंसी।** बिहार में अगले दो दिनों तक अधिकतम तापमान में ज्यादा बदलाव देखने को नहीं मिलेगा। इसके बाद 2 से 3 डिग्री तक तापमान बढ़ने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तरी असम पर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है। साथ ही दक्षिण-पश्चिम अरुणाचल प्रदेश की ओर एक टर्फ लाइन गुजर रही है। इन वजहों से बिहार का मौसम भी प्रभावित हुआ।

**वैशाली रहा सबसे गर्म :** पिछले 24 घंटे की बात करें तो बिहार के कई जिलों का मौसम सामान्य बना रहा। दोपहर में 10 से 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गर्म उत्तर पछुआ हवा चली। जिससे धूप की तपिश कम महसूस हुई। वहीं कल पटना समेत पूरे बिहार का अधिकतम तापमान 40 डिग्री के नीचे दर्ज किया गया। 39.3 डिग्री सेल्सियस के साथ वैशाली जिला सबसे गर्म रहा। पटना के अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव नहीं हुआ पर न्यूनतम तापमान 1.2 डिग्री बढ़ गया। यहां का अधिकतम तापमान 36.3 और न्यूनतम 22 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। पटना मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक कमल सिंह गुप्ता ने बताया कि अगले पांच दिन तक मौसम शुष्क रहेगा। दो दिन तक अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव होने की संभावना नहीं है। इसके बाद राज्य के अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री तक बढ़ोतरी का पूर्वानुमान है।

**कहां कितना दर्ज किया गया अधिकतम तापमान :** पिछले 24 घंटे के दौरान वैशाली जिला सबसे गर्म रहा जहां का अधिकतम तापमान 39.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा नवादा 37.4 डिग्री, शेखपुरा 37.7 डिग्री, जमुई 37.3 डिग्री, पटना 36.3 डिग्री, भोजपुर 36.5 डिग्री, दरभंगा 36 डिग्री मुजफ्फरपुर 34.5 डिग्री। इसके अलावा अन्य जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री के नीचे दर्ज किया गया।

# नियोजित शिक्षकों को हटाने की बात कभी नहीं की, हाईकोर्ट का फैसला सही : विजय चौधरी





**पटनाा, एजेंसी।** पटना हाईकोर्ट से नियोजित शिक्षकों को बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार अब सक्षमता परीक्षा पास नहीं करने वाले या इस परीक्षा मे शामिल नहीं होने के बावजूद भी शिक्षक अपने पद पर बने रहेंगे। हाई कोर्ट ने ऐसे अभ्यर्थी शिक्षकों के पक्ष में फैसला देते हुए कहा कि उनकी नौकरी नहीं जाएगी। हाईकोर्ट का आदेश आने के बाद बिहार सरकार में मंत्री विजय चौधरी ने कहा है कि सक्षमता परीक्षा में फेल करने वाले या परीक्षा नहीं देने वाले नियोजित शिक्षकों को हटाने का फैसला सरकार ने कभी लिया ही नहीं था। नियोजित शिक्षकों ने तो हाई कोर्ट में सक्षमता परीक्षा के आयोजन पर ही आपत्ति जताते हुए चुनौती दी थी, जिसे उच्च न्यायालय ने नहीं माना। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने ही अपने शपथ पत्र में कोर्ट को कहा था कि किसी नियोजित शिक्षक को सेवा मुक्त नहीं किया जाएगा। इस प्रकार उच्च न्यायालय ने सरकार के निर्णय की पुष्टि ही की है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग अनावश्यक भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं कि सरकार नियोजित शिक्षकों को हटाना चाह रही थी। बिहार विद्यालय विशिष्ट शिक्षक नियमावली 2023 के नियम-3 (3) में ही स्पष्ट है कि जो सक्षमता परीक्षा में शामिल नहीं होंगे अथवा फेल कर जाएंगे, वैसे शिक्षक नियोजित श्रेणी में ही रह जाएंगे, वे सिर्फ सरकारी शिक्षक नहीं बन पाएंगे और उच्च न्यायालय ने इसे उचित माना है।

बिहार के नियोजित शिक्षकों को हाईकोर्ट से बड़ी राहत, सक्षमता परीक्षा नहीं देने या फेल होने पर भी बनी रहेगी नौकरी

कोर्ट ने मुख्यतः चार मुख्य बिंदुओं पर अपना फैसला दिया।

हाईकोर्ट ने राज्य में कार्यरत स्थानीय निकाय शिक्षकों के लिए सक्षमता परीक्षा को सही ठहराया।

हाईकोर्ट ने नई शिक्षक नियमावली के नियम 4 को निरस्त कर दिया जिसके तहत सभी शिक्षकों को सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण करना आवश्यक है।

कोर्ट ने बिहार राज्य शैक्षिक संस्थागत शिक्षक और कर्मचारी (शिकायत निवारण और अपील नियमावली 2020) के नियम 12 को भी निरस्त कर दिया, जिसके तहत गठित जिला व राज्य स्तरीय अपीलीय प्राधिकार में लंबित मामलों का इस नियमावली के लागू होने की तिथि से 6 माह के भीतर निपटारा किया जाना था। इसके अतिरिक्त इस नियमावली के लागू होने की तिथि से जिला राज्य अपीलीय प्राधिकार कोई भी नया केस स्वीकार नहीं करेगा।

कोर्ट ने शिक्षकों की पदोन्नति के लिए निर्धारित उचित शर्तों के तहत प्रत्येक संवर्ग के लिए विचार करने का आदेश दिया।

### दो बाइक की टक्कर में 4 लोग हुए घायल :तेज रफ्तार के कारण हुआ हादसा

**छपराा, एजेंसी।** छपरा शहर के फोरलेन बाइपास पर 2 बाइक में टक्कर हो गई। दुर्घटना में 4 लोग घायल हो गए। दो लोगों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घटना मंगलवार के देर रात मुफस्सिल थाना क्षेत्र के फोरलेन की है। घायलों की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के उमधा गांव निवासी मंटू शर्मा के बेटे विष्णु शर्मा, वकील शर्मा के बेटे अरबिंद शर्मा, फकुली गांव निवासी परमेश्वर और साढ़ा नेवाजी निवासी श्यामबिहारी सिंह के बेटे रजनीश सिंह हैं। विष्णु शर्मा और परमेश्वर की स्थिति नाजुक है। घटना के बाद राहगीरों ने डायल-112 को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस सभी घायलों को सदर अस्पताल लेकर पहुंची। जहां इजाल चल रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### यात्रियों की सबसे पसंदीदा वंदे भारत ट्रेन, ऑक्यूपेंसी रेट है 109 प्रतिशत

**रांची, एजेंसी।** वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को पूरे देश भर में खूब पसंद किया जा रहा है। यह ट्रेन छह से आठ घंटे के अंदर गंतव्य स्थल तक पहुंचा दे रही है। रांची से तीन वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन हो रहा है। यात्रियों की पहली पसंद रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस है, जिसका ऑक्यूपेंसी 109 प्रतिशत है।

रांची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस का आक्यूपेंसी 98 प्रतिशत है। हालांकि, रांची-वाराणसी जाने वाले यात्रियों की संख्या में थोड़ी कमी है। 85 प्रतिशत आक्यूपेंसी रांची-वाराणसी वंदे भारत ट्रेन की है। पहले इनका आक्यूपेंसी रेट काफी कम था। अब प्रचार-प्रसार होने के बाद इनमें यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी दर्ज हुई है।

वंदे भारत एक्सप्रेस में चेयरकार की तुलना में एग्जीक्यूटिव क्लास को ज्यादा पसंद किया जा रहा है। यही वजह है कि एग्जीक्यूटिव क्लास का आक्यूपेंसी रेट ज्यादा बेहतर है।

अन्य ट्रेनों की अपेक्षा वंदे भारत में ज्यादा सुविधा और सीटें आरामदेह होने के कारण यात्री एग्जीक्यूटिव क्लास को ज्यादा पसंद कर रहे हैं। हालांकि, तीनों वंदे भारत में चेयरकार की तुलना में एग्जीक्यूटिव क्लास की सीटें कम हैं। भविष्य में वंदे भारत एक्सप्रेस में आक्यूपेंसी रेट सुधार होगी। पहले और अब के ग्राफ में काफी सुधार हुआ है। रांची से वाराणसी जाने वाले यात्रियों की संख्या अधिक होती है। 18 मार्च से ट्रेन का नियमित परिचालन शुरू हुआ है। मई तक ट्रेन में यात्रियों की संख्या बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

### कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद के पिता को ईडी ने किया तलब, जमीन घोटाला मामले में होगी पूछताछ



**रांची, एजेंसी।** झारखंड में जमीन घोटाले को लेकर ईडी लगातार कार्रवाई कर रही है, लोगों से पूछताछ भी की जा रही है। इस क्रम में आज पूर्व मंत्री योगेंद्र साव भी ईडी कार्यालय पहुंचे हुए हैं। उनसे जमीन घोटाला मामले में पूछताछ होनी है। बता दें कि योगेंद्र साव बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद के पिता हैं।

बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस की विधायक अंबा प्रसाद से जुड़े 17 ठिकानों पर ईडी ने बीते 12 मार्च को छापामारी की थी। मामला हजारीबाग में प्रतिबंधित किस्म की जमीन को अवैध तरीके से हड़पने की कोशिश मामले में मनी लांड्रिंग से संबंधित था।

इस दौरान जमीन विवाद में अंबा प्रसाद और उनके परिवार का नाम सामने आया। गौरतलब है कि इस छापामारी में ईडी को कुछ ठिकानों से लगभग 10 लाख नकद, भारी मात्रा में भूमि से जुड़े दस्तावेज, भूमि की खरीद-बिक्री व काले धन के निवेश से संबंधित दस्तावेज मिले हैं। ईडी इन सभी बरामदगी को मनी लांड्रिंग के बिंदु पर देख रही है।

### झारखंड में एसएसबी जवान के पत्नी की गोली मारकर हत्या, पति पर अवैध संबंध का आरोप

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के मांडर-टांगरबसली मुख्य पथ पर कोयल नदी के समीप अपराधियों ने एसएसबी जवान की पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना को अपराधियों ने मंगलवार को उस वक्त अंजाम दिया, जब महिला स्कूटी से बेड़ो स्थित अपने मायके जा रही थी। मृतका का नाम गीता भगत है और वह रानीचांचो नवाटोली की निवासी थी। मामले में मायके वालों ने गीता के पति एसएसबी जवान विजय भगत पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। बताया जा रहा है कि अपराधी पहले से ही घात लगाकर बैठे थे। जैसे ही गीता वहां पहुंची अपराधियों ने गोली दाग दी। गोली उनकी कनपट्टी को पार कर गई। गीता को आनन-फानन में रिम्स ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गयी।

**जवान का था अवैध संबंध:** गीता के परिजनों ने पुलिस को बताया कि विजय का दूसरी महिला के साथ संबंध था। विजय उस महिला को साथ रखना चाहता था।

# प्रदेश में फिर बढ़ेगी गर्मी, छह अप्रैल तक लू चलने का येलो अलर्ट



**रांची, एजेंसी।** झारखंड में तीन से चार दिन तेज गर्मी पड़ेगी। कोल्हान और संताल परगना इलाकों में चार से छह अप्रैल के बीच लू (हीट वेव) चलने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, गुरुवार से रांची तीन दिन तपेगी। छह अप्रैल के बाद मौसम में बदलाव आएगा। इस दौरान बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के उपर हल्के बादल छाएंगे। कहीं-कहीं गरज के साथ बारिश होने से मौसम में मामूली बदलाव आएगा। हालांकि, पिछले 24 घंटे के दौरान चलनेवाली नम हवा के कारण तापमान में मामूली गिरावट आयी।

### जमशेदपुर व पाकुड़ का पारा 39.9 डिग्री

राज्य में सबसे अधिक तापमान जमशेदपुर और पाकुड़ का रहा। रांची का अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, जमशेदपुर और पाकुड़ का अधिकतम तापमान 39.9 व मेदिनीनगर का 39.6 डिग्री दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटे के दौरान तापमान गिरने के बाद भी राज्य में तापमान सामान्य से अधिक है। जमशेदपुर में यह करीब दो डिग्री अधिक है। शेष भाग में भी यह कुछ जिलों को छोड़कर एक डिग्री तक अधिक है। जमशेदपुर का न्यूनतम 23.2 डिग्री सबसे अधिक है।

### नम हवाओं के कारण राजधानी का एक डिग्री पारा गिरा

मौसम विभाग के अनुसार, झारखंड और पड़ोस राज्यों के वातावरण में मौसम में बदलाव के लक्षण फिलहाल नहीं हैं। पश्चिमी दिशा से आ रही पछुवा हवा का रुख होने के बावजूद बीच-बीच में बदलाव होने से नम हवाएं भी आ रहीं हैं। इससे तापमान में मामूली कमी आयी है। जमशेदपुर, रांची, मेदिनीनगर, बोकारो आदि शहरों के तापमान पिछले 24 घंटों के दौरान करीब एक डिग्री तक नीचे गिरा है। लेकिन, अगले तीन से चार दिनों में दो से तीन डिग्री वृद्धि होने का अनुमान है।

झारखंड में अगले चार से छह अप्रैल के बीच संताल परगना और कोल्हान प्रमंडल के जिलों में कहीं-कहीं हीट वेव चलने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। छह के बाद रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। -अभिषेक आनंद, मौसम वैज्ञानिक, रांची

मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद बताते हैं कि ऐसा पहली बार हो रहा है कि अप्रैल माह में 4 और 5 तारीख को राज्य के दक्षिणी पूर्वी हिस्से यानी पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला-खरसावां के अलावे देवघर, दुमका, गोड्डा, पाकुड़, गिरिडीह, धनबाद, जामताड़ा और साहिबगंज में हीट-वेव का असर देखने को मिलेगा। इसे लेकर विभाग ने यलो अलर्ट भी जारी किया है।

शहर में 2 से 4 अप्रैल के बीच सभी स्कूल खुल जाएंगे। गर्मी की तपिश को देखते हुए अंदाजा लगाया जा सकता है कि आगामी दिनों बच्चों को कितनी मुश्किल होगी। गर्मी के असर को देखते हुए शिक्षा विभाग भी अलर्ट मोड पर है। जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय के द्वारा नए शैक्षणिक सत्र के दौरान गर्मी पर भी नजर रखी जा रही है।

आगामी दिनों में अगर गर्मी का असर बढ़ा और हीट-वेव जैसी स्थिति राजधानी में उत्पन्न हुई तो कदम उठाए जाने की बात कही जा रही है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची से जारी रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि सिर्फ रांची, खूंटी, जामताड़ा सिमडेगा, गुमला, हजारीबाग और चतरा का तापमान 35 व 36 डिग्री के आसपास है।

शेष जगहों पर तापमान या तो 40 के पार है या फिर 40 के आसपास है। पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो राज्य में कुछ जगहों पर मेघगर्जन, आंधी और ओलावृष्टि के साथ हल्की वर्षा हुई है। सबसे अधिक वर्षा 19.3 मिमी गढ़वा के नगर उंटारी में रिकॉर्ड की गई। वहीं, सबसे अधिक अधिकतम तापमान पाकुड़ का 41.5 डिग्री सेल्सियस जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 19.7 डिग्री डाल्टेनगंज का रिकार्ड किया गया। वहीं, राजधानी रांची की बात करें तो अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 20.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## हाईकोर्ट में पेश हुआ सुरक्षा के लिए एसओपी का ड्राफ्ट

**रांची, एजेंसी।** झारखंड सरकार ने विदेशी पर्यटकों के लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) का ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। दुमका में विदेशी महिला से सामूहिक दुष्कर्म मामले में हाईकोर्ट में एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर की खंडपीठ में स्वतः संज्ञान याचिका पर सुनवाई के दौरान सरकार ने यह ड्राफ्ट पेश किया। इसमें कहा गया है कि विदेशी पर्यटकों और आम लोगों की सुरक्षा के लिए हेल्पलाइन नंबर-112 बनाया गया है। हेल्पलाइन नंबर 112 का एप भी है, जिसमें आपात स्थिति में मदद के लिए एसओएस बटन भी है। विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा के लिए हेल्पलाइन नंबर-181 बनाया गया है। एसओपी में कहा गया है कि विदेशी पर्यटकों को झारखंड में प्रवेश के दौरान चेकनाका पर पुलिस को अपने बारे में पूरी जानकारी देनी होगी, ताकि पुलिस उन्हें बता सके कि कहां जा सकते हैं और कहां नहीं जा सकते। इसके साथ ही विदेशी पर्यटकों को सुरक्षा भी मुहैया कराई जा सकेगी। पिछली सुनवाई में सरकार की ओर से बताया गया था कि वह विदेशी पर्यटकों की सहायता और सुरक्षा को लेकर गंभीर है। जल्दी ही इस संबंध में एसओपी लागू की जाएगी। गौरतलब है कि हाल ही में दुमका के हंसडीहा में एक स्पेनिश महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म हुआ था। हाईकोर्ट स्वतः संज्ञान लेकर इस मामले की सुनवाई कर रहा है। हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान सरकार से राज्य में कानून-व्यवस्था पर भी रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने पूछा है कि एक महीने के भीतर राज्य में महिला हिंसा, भू-माफिया द्वारा जमीन कब्जा, रंगदारी और अन्य गंभीर अपराध के कितने केस दर्ज हुए, इसकी पूरी जानकारी दें। अब इस मामले में चार अप्रैल को अगली सुनवाई होगी।

## स्थायीकरण को लेकर प्रबंधन से मिले टीएसडीपीएल के ठेकाकर्मी

**जमशेदपुर, एजेंसी।** टाटा स्टील डाउन स्ट्रीम प्रोडक्ट्स लिमिटेड (टीएसडीपीएल) के ठेका मजदूर चयन होने के बावजूद स्थायीकरण का गेटपास नहीं मिलने पर कंपनी के महाप्रबंधक से मिले। ठेकाकर्मियों ने सोमवार को जीएम से मिलकर पूछा कि परीक्षा और इंटरव्यू का रिजल्ट आने के बाद भी उनका स्थायीकरण क्यों नहीं किया जा रहा है। कर्मचारियों ने बताया कि प्रबंधन ने यह कहकर मामले को टाल दिया कि इस मुद्दे पर बाद में चर्चा करेंगे। उल्लेखनीय है कि श्रम एवं नियोजन विभाग चयनित ठेकाकर्मियों के डोमिसाइल की जांच कर रहा है। लोकसभा चुनाव के बाद ही उनके डोमिसाइल की जांच होगी। यह बात सामने आने के बाद ठेकाकर्मी दो दिन पहले प्रबंधन से मिला था।

## चुनाव से पहले गिरिनाथ सिंह ने छोड़ा भाजपा का साथ, राजद में हुए शामिल; चतरा से दावेदारी




**रांची, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के पहले नेताओं के पार्टी छोड़कर दूसरे दलों में जाने का दौर लगातार जारी है। 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले राजद छोड़ भाजपा में शामिल हुए गिरिनाथ सिंह मंगलवार को फिर से राजद में शामिल हो गए। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद से स्वीकृति मिलने के बाद बिहार प्रदेश राजद कार्यालय, पटना में उन्हें दोबारा पार्टी की सदस्यता दी गई। इस दौरान राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दिकी, राजद के राष्ट्रीय महासचिव भोला प्रसाद यादव उपस्थित थे। राजद में शामिल होने के बाद माना जा रहा है कि चतरा सीट से पार्टी उन्हें प्रत्याशी बना सकती है।

**चार बार विधायक रह चुके हैं गिरिनाथ :** गढ़वा विधानसभा से चार बार विधायक रह चुके गिरिनाथ सिंह राजद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। पिता गोपीनाथ सिंह के निधन के बाद वर्ष 1993 के उपचुनाव में गिरिनाथ जनता दल के टिकट पर पहली बार चुनाव जीते थे। इसके बाद 1995, 2000 और 2005 के चुनाव में वह फिर से विधायक बने। 1997 के तत्कालीन राबड़ी देवी मंत्रिमंडल सरकार में वह पीएचईडी मंत्री भी रह चुके हैं। 2009 के चुनाव में झाविमो प्रत्याशी सत्येंद्र नाथ तिवारी से हार मिलने के बाद उन्हें प्रदेश राजद अध्यक्ष बनाया गया। 2005 के विधानसभा चुनाव जीतने के बाद उन्होंने तत्कालीन शिबू सोरेन की अल्पकालीन सरकार में संसदीय कार्य मंत्री का भी पद संभाला। 28 मार्च 2019 को वह भाजपा में चले गए थे।

**तमाम बड़े नेताओं ने दी बधाई:** गिरिनाथ सिंह के घर वापसी पर राजद के तमाम बड़े नेताओं ने उन्हें बधाई दी है। बधाई देने वालों में राष्ट्रीय जनता दल के बिहार प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, अब्दुल बारी सिद्दीकी, भोला प्रसाद यादव सहित प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव, मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार आदि शामिल हैं। प्रदेश स्तरीय नेताओं का कहना है कि गिरिनाथ सिंह की घर वापसी से पूरे प्रदेश में राष्ट्रीय जनता दल और मजबूत होगा।



### नेशनल ताइक्कांडों में रोहित को सिल्वर मेडल

**जमशेदपुर, एजेंसी।** नेशनल ताइक्कांडो चैंपियनशिप में देवघर के रोहित कुमार को सिल्वर मेडल मिला। यह चैंपियनशिप चंडीगढ़ में 29 और 30 मार्च को आयोजित हुई थी। झारखंड के देवघर के रोहित कुमार ने बेहतर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में झारखंड से प्रेसिडेंट धीरज शर्मा और महासचिव राजकुमार सिंह उपस्थित थे। सीपीएसएफआई स्पोर्ट्स के प्रेसिडेंट राजेश तोमर और पंजाब स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अधिकारी भी उपस्थित थे। झारखंड के एरिया डायरेक्टर जगन्नाथ बेरा और वाइस प्रेसिडेंट विजय मोहन ने बच्चों को बधाई दी।

## नौ से शुरू हो रहा है हिंदूओं का नया साल, 11 को निकलेगी सरहुल की शोभायात्रा; 17 को निकलेगा रामनवमी का जुलूस



**रांची, एजेंसी।** चैत से हिंदू नए साल का आगाज हो जाता है। नौ अप्रैल को नया साल शुरू हो जाएगा। इसके बाद आदिवासियों का भी नया साल इसी चैत माह से ही प्रारंभ होता है और फिर बंग समुदाय का भी नूतन वर्ष। इस बार ईद का पर्व भी 11 या 12 को मनाया जाएगा।

वहीं, 11 अप्रैल को गणगौर पूजा भी मारवाड़ी समाज मनाएगा। हालांकि 16 दिनों का यह उत्सव चल रहा है। 11 को गणगौर पूजा के दिन ही प्रतिमाओं का विसर्जन होगा। ईसाई समुदाय का प्रभु का जन्म संदेश आठ अप्रैल को है। 14 को पास्का का तीसरा रविवार है। अप्रैल हर धर्म-समाज के लिए महत्वपूर्ण है।

नौ अप्रैल से वासंतिक नवरात्र प्रारंभ हो रहा है। इसी दिन के से नया संवत 2081 का भी श्री गणेश हो रहा है। पं रामदेव पांडेय ने बताया कि इसी सप्ताह चैती छठ भी है। 14 अप्रैल को छठ पर्व मनाया जाएगा। 15 को सप्तमी पारण है। नवरात्र का कलश स्थापना नौ अप्रैल को है। साल में दो नवरात्र मनाया जाता है। शारदीय व वासंतिक। इसी समय चैती दुर्गा पूजा भी मनेगी।

धुर्वा में बंगाली समाज चार दिनों की चैती दुर्गा पूजा का आयोजन करता है। हर संध्या यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम होता है। कोलकाता से भी कलाकार यहां आते हैं। गीत-नृत्य से लेकर काव्यपाठ होता है। पूरे शहर का बंग समाज यहां चार दिनों तक उत्सव में सराबोर रहता है। वहीं, नए साल पर बड़ा तालाब में दीपदान का भी आयोजन किया जाता है।

वैसे तो आदिवासी समुदाय कोई एक दिन पर्व नहीं मनाता है। वह पूरे माह मनाता है। पर, रांची में प्रकृति पर्व सरहुल की शोभायात्रा साठ के दशक में शुरू हुई थी। इस बार 11 अप्रैल को सरहुल की शोभायात्रा निकलेगी। इसमें करीब रांची और आसपास के सैकड़ों संगठन के लोग भाग लेते हैं। तरह-तरह की झांकियां निकलती हैं। मांदर-ढोल-नगाड़े की थाप पर आदिवासी समाज नृत्य करता हुआ सिरमटोली पहुंचता है। यहीं पर इसका समापन होता है। बांग्ला समाज का नया साल 14 अप्रैल से शुरू होगा। हालांकि उत्सव में अभी से बंग समुदाय के लोग जुट गए हैं। डा. पंपासेन विश्वास कहती हैं कि 14 अप्रैल का धूमधाम से नए साल का स्वागत किया जाएगा। जगह-जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

कथाकार पंकज मित्र कहते हैं कि पोइला बोइशाख यानी बांग्ला कैलेंडर के प्रथम माह बैशाख के प्रथम दिवस पर आयोजित होनेवाले छोटे-बड़े समारोहों में राष्ट्रगान की तरह ही अनिवार्यतः गाया जानेवाला यह गीत नववर्ष का आगमनी गीत तो है ही बांग्ला की जातीय स्मृति का अभिन्न अंग भी रहा है।

शारदीय नवरात्र के आरंभ होने से पूर्व जिस तरह महिषासुरमर्दिनी या महालया का पाठ एवं गायन बंगभाषी समुदाय की नस-नाड़ी में स्फुरण भर देता है, वैसे ही एशो हे बोइशाख के गायन से नववर्ष के आगमन का संकेत रुधिर वाहिकाओं में नगाड़े की तरह बजने लगता है। यूनियन क्लब, देशप्रिय क्लब, मेकान कम्युनिटी हॉल में इस दिन विशेष कार्यक्रम होंगे।

होली के बाद प्रथम मंगलवार से ही रामनवमी का उत्सव शुरू हो जाता है। हर मंगलवार को अखाड़े महावीर चौक पर प्रदर्शन करते हैं। इस बार शहर में 17 को रामनवमी का भव्य जुलूस निकलेगा। करीब पूरा शहर ही सड़कों पर उतर जाता है। हर घर पर महावीरी पताका भी फहराने लगता है।

राम भले अयोध्या में प्रकट हुए हों, पर, झारखंड की रामनवमी देश में प्रसिद्ध है। इसकी शुरुआत सौ साल पहले हजारीबाग से हुई थी और इसके बाद रांची से। अब झारखंड के कई जिलों से रामनवमी का जुलूस निकलता है। अखाडें अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन करते हैं। विश्व प्रसिद्ध बैंड और भजन गायक भी यहां अपना कार्यक्रम देते हैं।

### एसएसपी ने पटमदा के क्लस्टरों का किया निरीक्षण

**जमशेदपुर/पटमदा, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव को लेकर पूर्वी सिंहभूम जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल (एसएसपी) ने पटमदा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में बनाए गए क्लस्टरों में समुचित व्यवस्था का जायजा लिया। मौके पर ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग, पटमदा डीएसपी वचनदेव कुजूर, सर्किल इंस्पेक्टर कौशेलेन्द्र कुमार, पटमदा थाना प्रभारी करमपाल भगत व बोड़ाम थाना प्रभारी उपेंद्र नारायण सिंह शामिल थे। वरीय पुलिस अधीक्षक ने पटमदा के पश्चिम बंगाल सीमावर्ती क्षेत्र स्थित जोड़सा उत्क्रमित उच्च विद्यालय, चौरा उत्क्रमित उच्च विद्यालय, चुड़दा मध्य विद्यालय व बोड़ाम प्रखंड के लायलम उच्च विद्यालय में बने क्लस्टर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई, बिजली, पेयजल की व्यवस्था, शौचालय व चहारदीवारी आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान जोड़सा उच्च विद्यालय के दो में से एक चापाकल खराब मिला। खराब चापाकल को उन्होंने दुरुस्त करने का निर्देश दिया। इस दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक ने कमलपुर थाना में बने चेकनाका का निरीक्षण करते हुए मजिस्ट्रेट को कई दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी चारपहिया वाहनों की जांच गंभीरता से करें। आपत्तिजनक सामग्री मिलते ही उसे जब्त कर अविलंब कार्रवाई के लिए इसकी सूचना तत्काल वरीय पदाधिकारियों को दें।

# लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा-आजसू का प्लान, जीत के लिए चलाएंगी साझा अभियान

**रांची, एजेंसी।** एनडीए की बैठक में राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर जीत का संकल्प भाजपा-आजसू के नेताओं ने लिया। तय हुआ कि सभी सीटों पर सामूहिक अभियान चलाया जाएगा। बैठक में सभी लोकसभा सीटों के प्रत्याशी, जिन सांसदों के टिकट काटे गए उनकी भी उपस्थिति रही।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो, भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, अन्नपूर्णा देवी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित प्रदेश पदाधिकारी, लोकसभा उम्मीदवार, लोकसभा प्रभारी, भाजपा-आजसू के जिलाध्यक्ष व जिला प्रभारी उपस्थित थे। बैठक में तय हुआ कि सामूहिक अभियान के लिए प्रखंड से लेकर जिलास्तर पर समन्वय समिति भी बनेगी। झारखंड के प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि देश में 400 सीटों का लक्ष्य एनडीए ने रखा है। झारखंड की 14 सीटों पर जीत के लिए एकजुट होने का आह्वान उन्होंने किया। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य में एनडीए मजबूत है, जनता एनडीए के साथ है। जनता मोदी को तीसरी बार और मजबूती से प्रधानमंत्री के रूप में देखने को उत्सुक है।




**एनडीए पूरी तरह मजबूत और एकजुट सुदेश:** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि प्रदेश में एनडीए पूरी तरह एकजुट है और मजबूत है। जमीनी स्तर पर दोनों दलों के कार्यकर्ताओं में समन्वय स्थापित कर प्रचार अभियान को सफल बनाने की परंपरा अच्छी पहल है। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री के लिए केवल एक ही चेहरा हैं नरेंद्र मोदी। जनता मोदी जी को जिताने के लिए संकल्पित है।

**विकसित भारत के संकल्प को करना है पूरा अर्जुन:** केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि मोदी सरकार विकसित भारत के संकल्प को तेजी से पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। पिछले दस वर्षों में गांव, गरीब, किसान, दलित, वंचित विकास की मुख्यधारा से जुड़े। 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए। भाजपा राष्ट्र प्रथम के संकल्प के साथ काम करती है। हमारे लिए देश की सेवा सर्वोपरि है। मुंडा ने कहा कि चुनाव के बीच मोदी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में 100 दिनों में होने वाले कार्यों की तैयारी कर रही है।

**छह को घर-घर झंडा लगाएं भाजपा कार्यकर्ता कर्मवीर:** प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि छह अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस है। कार्यकर्ता इस दिन पार्टी का झंडा अपने-अपने घरों पर अवश्य लगाएं। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री सह सांसद आदित्य साहू और धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय ने किया। बैठक में प्रदेश महामंत्री सांसद डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद दीपक प्रकाश, डॉ रविंद्र कुमार राय, विधायक लंबोदर महतो, उमाकांत रजक आदि मौजूद थे।

## हेमंत सोरेन का जेल से संदेश-दलबदलू को टिकट नहीं, पुराने नेताओं को प्राथमिकता

**रांची, एजेंसी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने पांच सीटों पर उम्मीदवारों के नाम लगभग तय कर लिए हैं। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जेल से संदेश भिजवाया है कि टिकट बंटवारे में पार्टी को किन बातों का ध्यान रखना है। अब तक झारखंड मुक्ति मोर्चा ने किसी भी सीट से उम्मीदवार के नाम का ऐलान नहीं किया है। महागठबंधन में सीट बंटवारे का फॉर्मूला तय है। जेएमएम के हिस्से पांच सीटें आई हैं।

जेएमएम के हिस्से जो सीट आई हैं उनमें राजमहल, दुमका, गिरिडीह, जमशेदपुर और सिंहभूम की सीट है। जिन सीटों पर सहमति लगभग बन गई है। उनमें रामहल से विजय हांसदा, दुमका से स्टीफन मरांडी, गिरिडीह से मथुरा महतो, सिंहभूम से दशरथ गगराई, जमशेदपुर से सुनील महतो की बेटी स्नेहा महतो के नाम की चर्चा है। हालांकि, अब भी कई और नाम की चर्चा है। जब तक इन सीट पर आधिकारिक ऐलान नहीं होता तब तक कयास जारी रहेंगे।

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने पहले ही कहा है कि जब तक कांग्रेस सभी सीटों पर उम्मीदवार का ऐलान नहीं कर देती जेएमएम तब तक अपनी सीटों पर उम्मीदवार का ऐलान नहीं करेगा। कांग्रेस चतरा और पलामू की सीट पर राजद के दावे के बाद अटकी है। पलामू सीट कांग्रेस के खाते में है, लेकिन राजद इस पर दावा कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### मंदिर से पीतल का सामान चुराने वाला गिरफ्तार

**साहिबाबाद , एजेंसी।** शालीमार गार्डन स्थित गौरी शंकर मंदिर में श्रीराम की मूर्ति खंडित कर पीतल के बर्तन चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। टीम ने उसके पास से तांबे के लोटे, पीतल का एक पंचमुखी दीपक और दो छोटे दीपक बरामद किए। वह मंदिर के बर्तनों को कबाड़ी के पास बेचने जा रहा था।

एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि जुलफिकार उर्फ जुल्लू पुत्र याकूब निवासी नई सीमापुरी को गिरफ्तार किया है। उसने पुलिस पूछताछ में कबूल किया कि वह मौज मस्ती के लिए मंदिर में सामान चुराने गया था। वह चोरी के बाद पुलिस से बचने के लिए कबाड़ गोदाम में छिप रहा था। आरोपी पर दिल्ली में चोरी और लूट के 20 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। एसीपी के मुताबिक, शालीमार गार्डन के मंदिर में प्रभु श्रीराम की मूर्ति को खंडित कर दिया था। इस सूचना पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई थी। लोगों में मूर्ति खंडित करने से काफी रोष था लेकिन उन्होंने मामले की गंभीरता को समझकर सभी को शांत कराया। इसके बाद पुजारी की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश तेज कर दी थी।

### गाड़ी में लिफ्ट देने के बहाने हड़पे 1.25 लाख रुपये

**इंदिरापुरम , एजेंसी।** सीआईएसएफ के पास बस के इंतजार में खड़े युवक को दो शातिरों ने सरकारी गाड़ी में लिफ्ट देने के बहाने बिहारी मार्केट ले जाकर बेसुध कर दिया। फिर जेब से नकदी, डेबिट व क्रेडिट कार्ड से खरीदारी कर 1.25 लाख रुपये हड़प लिए। उन्होंने इंदिरापुरम पुलिस को मुकदमा कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दिल्ली के कोटला मुबारकपुर में रहने वाले सचिन ठाकुर 23 मार्च की दोपहर साढ़े तीन बजे मुरादाबाद जाने के लिए सीआईएसएफ के पास बस का इंतजार कर रहे थे। तभी उनके पास बाइक सवार दो युवक पहुंचे। एक ने उनसे कहा कि उसके पास सरकारी गाड़ी है। उसमें उन्हें वह मुरादाबाद तक लिफ्ट दे देगा। उन्होंने युवक की बात पर विश्वास किया और तीनों बाइक पर बैठ गए। दोनों उन्हें नीतिखंड चौकी क्षेत्र की बिहारी मार्केट में ले गए। वहां उनके चेहरे पर धुआं मारकर बेसुध कर दिया। इसके बाद आरोपियों ने जेब से 40 हजार रुपये की नकदी, डेबिट कार्ड से 30 हजार रुपये और क्रेडिट कार्ड से 55 हजार रुपये की खरीदारी की। काफी देर बाद उन्हें होश आया तो फोन पर खाते से नकदी निकालने के ओटीपी देखकर होश उड़ गए। उन्होंने दोनों बाइक सवार युवकों को इधर-उधर देखा लेकिन वे भाग गए थे। आरोप है कि रिपोर्ट दर्ज करने के दौरान पुलिस ने उन्हें चक्कर कटाया। वह पहले विजयनगर थाने पहुंचे लेकिन पुलिस ने इंदिरापुरम की घटना बताकर कोतवाली में शिकायत करने भेज दिया। इंदिरापुरम एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह का कहना है कि फुटेज से दोनों आरोपियों की पहचान करके टीम तलाश कर रही है।

### खेत में बनी दो झोपड़ियों में लगी आग

**साहिबाबाद , एजेंसी।** टीला मोड़ के राजपुर गांव में सोमवार शाम झोपड़ियों में आग लग गई। सूचना पर अग्निशमन विभाग की टीम दो गाड़ियों को लेकर मौके पर पहुंची। आग बुझाने का काम किया। दमकल कर्मियों ने एक घंटे में आग पर काबू पा लिया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल ने बताया कि साहिबाबाद स्टेशन से दो गाड़ियों के साथ अग्निशमन अधिकारी सत्येंद्र कुमार टीम लेकर मौके पर पहुंचे थे।

एक खेत में दो झुग्गियों में आग लगती देखकर तुरंत टीम ने उसे बुझाने का काम किया। टीम ने पहले ही झुग्गियों में रहने वाले जगदीश पुत्र नानू और देवेंद्र पुत्र वीरेंद्र के परिवार की महिलाएं व बच्चों को सकुशल सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया। झुग्गी में रखा एक छोटा सिलिंडर लीकेज होने से उसके फटने की आशंका बढ़ गई थी लेकिन टीम ने सिलिंडर को बाहर निकालकर उसे काबू किया। इसके बाद ट्रैक्टर और बाइक में लगी आग को बुझाया गया। दूसरी टीम ने झुग्गियों के घरेलू सामान को जलने से बचाया। टीम ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत से खेत में फैलती आग को काबू कर लिया।

# अमेठी : राजीव गांधी का रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाए सोनिया व राहुल

## लगातार चार बार दर्ज की थी जीत



**अमेठी , एजेंसी।** लोकसभा अमेठी में कई रोमांचक चुनावी रिकॉर्ड भी बने हैं। यहां सबसे अधिक रिकार्ड स्व. राजीव गांधी के नाम हैं। उन्होंने वर्ष 1981 से 1991 तक चुनावी जीत की हैट्रिक लगाई। उनके नाम सबसे अधिक वोट अंतर से चुनाव जीत का भी रिकॉर्ड है। इससे भी बड़ी बात यह है कि विपक्षी तो दूर, उनकी पत्नी सोनिया गांधी और बेटे राहुल भी उनका चुनावी रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाए।

विमान हादसे में संजय गांधी की मौत के बाद राजीव गांधी ने साल 1981 के उपचुनाव में राजनीतिक पारी की शुरुआत की थी। उस बार 2,37,696 वोट से शरद यादव को हरा कर वह पहली दफा सांसद बने।

इसके बाद वह 1991 तक चुने जीतते रहे। सबसे अधिक वोटों अंतर से उन्होंने 1984 के चुनाव में घर की बहू मेनका गांधी को 3,14,878 को हराया था।1989 के लोकसभा चुनाव में राजीव गांधी ने जनता दल के राज मोहन गांधी को हराया। तब राजीव गांधी 2,02,138 वोट अंतर से जीते थे।

1991 के आम चुनाव में राजीव गांधी ने भाजपा के रविंद्र प्रताप को 1,12,085 के अंतर से हराया था। हालांकि जीत का फैसला होने से पहले ही एक उग्रवादी हमले में राजीव गांधी की मौत हो गई।

उपचुनाव हुआ और कांग्रेस से सतीश शर्मा चुने गए। 1999 के लोकसभा चुनाव में राजीव गांधी की पत्नी सोनिया ने चुनाव लड़कर अपना राजनीतिक सफर शुरू किया।

उन्होंने भाजपा के संजय सिंह को 3,00012 वोट के अंतर से शिकस्त दी, लेकिन अपने पति का रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाईं। इसके बाद उन्होंने अपनी यह सीट बेटे राहुल गांधी को सौंप दी। राहुल गांधी 2004 से 2014 तक तीन बार सांसद रहे, लेकिन वह भी अपने पिता के रिकॉर्ड तक नहीं पहुंच पाए।

### कांग्रेस के नाम ही सबसे कम और ज्यादा अंतर से जीत का रिकॉर्ड

अमेठी चुनाव में जहां सबसे बड़े वोट अंतर से जीतने का रिकॉर्ड राजीव गांधी के नाम है, वहीं सबसे कम अंतर से साल 1971 में अमेठी के पहले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के ही विद्याधर बाजपेयी चुनाव जीते थे।

- वह एबीजेएस पार्टी के गोकुल प्रसाद पाठक से महज 3665 वोट अंतर से जीते थे। इस लिहाज से अमेठी में अब तक हुए लोकसभा चुनावों में सबसे बड़े और सबसे कम अंतर से चुनाव जीत का रिकॉर्ड कांग्रेस के नाम ही दर्ज है।

### ... जब धरी रह गई थी जीत की माला

साल 1991 के चुनाव में कांग्रेस से राजीव गांधी समेत कुल 42 उम्मीदवार मैदान में थे। इस चुनाव में वोटिंग 20 मई को हुई थी। तब राजीव गांधी की जीत लगभग तय मानी जा रही थी। लोगों ने उनके स्वागत की तैयारी कर ली थी, लेकिन 21 मई को राजीव गांधी की हत्या कर दी गई।

- चुनाव परिणाम घोषित हुआ तो राजीव गांधी ने एक लाख 87 हजार 138 वोट पाकर जीत हासिल की। ऐसे में जीत की माला किसी को नहीं पहनाई जा सकी। लोगों की तैयारियां और हसरतें धरी रह गई थीं।

## महिला से चेन और लॉकेट, बैंक प्रबंधक से लूटा फोन

**इंदिरापुरम , एजेंसी।** वसुंधरा सेक्टर-11 में परशुराम चौक के पास रविवार दोपहर साढ़े तीन बजे एक लुटेरे ने महिला के गले से सोने की चेन और लॉकेट लूट लिया। 15 मिनट बाद ही उसी ने अभयखंड चौकी क्षेत्र में सर्विस रोड पर सरकारी बैंक के मुख्य प्रबंधक से फोन झपट लिया। दोनों घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई है। इंदिरापुरम पुलिस ने दोनों घटना में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश के लिए टीम को लगाया है।

वसुंधरा के द्रोणागिरी अपार्टमेंट में सरोज कुमारी रहती हैं। नवंबर 2023 में उनकी शादी वसुंधरा के नितिन कुमार से हुई थी। ससुराल से शादी के समय उन्हें सोने की चेन और लॉकेट मिला था। नितिन ने बताया कि रविवार को घर पर रिश्तेदार आए हुए थे। पत्नी सरोज उन्हें परशुराम चौक तक छोड़ने के लिए पैदल जा रही थीं। अचानक सामने से हाईस्पीड बाइक पर हेलमेट पहने लुटेरे ने गले पर झपट्टा मारकर चेन और लॉकेट लूट लिया। इसके बाद उन्होंने शोर मचाकर पीछा किया लेकिन लुटेरा हिंडन नहर रोड की तरफ भाग गया। उन्होंने घर जाकर पति को घटना बताई। आरोप है कि उन्होंने कई बार पुलिस से संपर्क के लिए कॉल किया लेकिन नंबर नहीं मिला। रात में कोतवाली जाकर पुलिस को घटना की शिकायत दी। सरोज के मुताबिक, लूटी गई चेन और लॉकेट एक लाख से ज्यादा कीमत की थी।

**15 मिनट बाद बैंक प्रबंधक से फोन लूटा :** वसुंधरा में घटना के 15 मिनट बाद ही लुटेरे ने अभयखंड चौकी क्षेत्र में सरकारी बैंक के मुख्य प्रबंधक आलोक रंजन से फोन लूट लिया। पीड़ित सरकारी बैंक में मुख्य प्रबंधक गौर एवेन्यू सोसायटी में रहते हैं। वह रविवार की दोपहर साढ़े तीन बजे घर से बाहर किसी से मिलने गए थे। वहां से लौटते समय वह साइकिल ट्रैक के अंदर कॉल पर परिचित से बात कर रहे थे। तभी पीछे से काले रंग की बाइक पर हेलमेट लगाकर आए लुटेरे ने झपट्टा मारकर आईफोन लूट लिया। घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज में लुटेरे की हरकत कैद हो गई। उन्होंने भी इंदिरापुरम पुलिस को लूट का मुकदमा कराया है।

## तापमान में उछाल के आसार, मौसम विभाग ने कहा-दो से तीन डिग्री की होगी बढ़ोतरी

**लखनऊ, एजेंसी।** हवा की तेज रफ्तार ने बीते दो दिन तक चढ़ते पारे को थाम रखा था। इस दौरान पूरे प्रदेश में दिन के अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री तक की गिरावट दर्ज की जा रही है। इससे लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली थी। हालांकि बुधवार से हवा की रफ्तार फिर सामान्य होगी, इससे तीखी धूप अपना असर दिखाएगी। ऐसे में मौसम विज्ञानी पारे में फिर से दो से तीन डिग्री के उछाल की बात कह रहे हैं।



आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, मंगलवार को कई इलाकों में पारा सामान्य से नीचे पहुंच गया। बस्ती में 2 से 3 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई। आगरा (37) प्रयागराज (38.6), झांसी (37.3) में पारा लगातार 40 से नीचे बना है। हालांकि रात के तापमान में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है।

लखीमपुर खीरी में न्यूनतम तापमान सोमवार के 27 डिग्री की तुलना में 22.6 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। ज्यादातर इलाकों में पारा 20 से नीचे रहा। जबकि एक दिन पहले ही सोमवार को प्रदेश के अधिकांश इलाकों में 20 से ऊपर पहुंच गया था। मौसम वैज्ञानिक मो. दानिश के मुताबिक, चार और पांच अप्रैल को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हल्की बूंदाबांदी के आसार हैं।

## अफ्रीकी देश सिएरा लिओन के पूर्व उप राष्ट्रपति के भाई का कानपुर में हुआ कूल्हा प्रत्यारोपण, साझा की दास्तान

**कानपुर, एजेंसी।** अफ्रीकी देश सिएरा लिओन के पूर्व उप राष्ट्पति चीफ साम सोमान के भाई कस्टम अधिकारी कोंबा इमैनुअल बंडेमोयन (60) का कानपुर में कूल्हा प्रत्यारोपण हुआ है। इमैनुअल का बाएं तरफ का कूल्हा गल गया था, इससे वे 10 साल से तकलीफ में थे और नौकरी भी नहीं कर पा रहे थे। प्रत्यारोपण के लिए विशेषज्ञ ढूंढने के लिए सालों से गूगल की खाक छान रहे थे। तभी उन्हें सीनियर आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. एके अग्रवाल का पता मिला।



उनसे संपर्क करने के बाद उन्होंने आकर कूल्हा प्रत्यारोपण कराया। इमैनुअल ने बताया कि यहां आने की प्रक्रिया पूरी करने पर उन्हें तीन महीने लगे। प्रत्यारोपण से उनकी तकलीफ पूरी तरह दूर हो गई। कोंबा इमैनुअल बंडेमोयन का कूल्हा प्रत्यारोपण बर्रा स्थित एक अस्पताल में 23 मार्च को किया गया। वे 22 मार्च को भर्ती हुए थे। मंगलवार को डॉक्टर और अस्पताल की निदेशक के साथ मरीज ने पत्रकारों को अपनी बीमारी की दास्तान साझा की।

उन्होंने बताया कि कस्टम विभाग में नौकरी करने के पहले वह गणित के शिक्षक, फुटबॉल के खिलाड़ी भी रहे हैं। कूल्हे में तकलीफ इतनी थी कि चल नहीं पाते, दर्द से नींद नहीं आती थी। बायां पैर पांच सेमी छोटा हो गया, नौकरी भी चली गई। पहले अमेरिका, ब्रिटेन और आस्ट्रेलिया में विशेषज्ञ ढूंढा।

बाद में उनके परिचित के एक भारतीय मित्र ने बताया कि उन्होंने कूल्हा प्रत्यारोपण कानपुर में कराया है। इसके बाद उन्होंने डॉ. अग्रवाल से वीडियो कॉलिंग पर बात की और सारी प्रक्रिया पूरी करने के बाद यहां आ गया। सारा खर्च सरकार ने उठाया है। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि रोगी को सेरेमिक कूल्हा लगाया गया है। यह 40 साल चलता है।

## दोहरा हत्याकांड: तीन पुलिसकर्मी निलंबित, व्यापारियों ने जाम लगा किया हंगामा, मौके पर पहुंचे एसपी सिटी

**बुलंदशहर , एजेंसी।** देहात कोतवाली क्षेत्र में हुई नगर निवासी दो लोगों की हत्या मामले में एसएसपी ने कार्रवाई की है। प्रारंभिक जांच में लापरवाही पाए जाने पर एसएसपी ने देहात कोतवाली के तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित किया है। दूसरी ओर पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मृतकों के परिजनों ने मंगलवार सुबह बुरा बाजार चौराहे पर जाम लगाकर हंगामा किया। जिसे एसपी सिटी ने पहुंच कर लोगों को आश्वासन देकर शांत कराया और जाम खुलवाया।



नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शेख सराय निवासी 50 वर्षीय राजीव कुमार गर्ग उर्फ पिंटू और उनके फूफा सुधीर चंद निवासी गांधी चौक की रविवार शाम को गला रेत व धारदार हथियार से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी गई थी। दोनों के शव सोमवार देर शाम देहात कोतवाली क्षेत्र में अडौली नहर की पटरी पर पुलिस ने बरामद किए।

पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि उक्त घटना के मामले में मृतकों के परिजनों द्वारा रविवार रात को ही थाना कोतवाली देहात पर गुमशुदगी की सूचना कार्यलेख पर नियुक्त हेडकंस्टेबल कमल हसन व पीसी भूड़ चालक हेडकंस्टेबल अनुज पारासर और कांस्टेबल विवेक को दी गई थी। जिनके द्वारा न तो उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया और न ही कोई विधिक कार्रवाई की गई। इससे प्रारंभिक जांच में उक्त पुलिसकर्मियों की लापरवाही सामने आ रही है। इसी के चलते एसएसपी ने तीनों पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया है।

वहीं, दूसरी ओर हत्याकांड से क्षुब्ध मृतकों के परिजनों और व्यापारियों ने मंगलवार सुबह बुरा बाजार चौराहे पर पहुंच कर जाम लगा दिया। परिजनों का आरोप था कि इस मामले में पुलिस ने लापरवाही बरती है, साथ ही परिजनों ने जल्द से जल्द वारदात का खुलासा न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। व्यापारियों और परिजनों के जाम लगने से चौराहे पर करीब दो घंटे तक वहां जाम में फंसे रहे। सुबह करीब 10:30 बजे एसपी सिटी ने मौके पर पहुंचकर व्यापारियों को समझा बुझाकर शांत किया। पुलिस ने जल्द से जल्द खुलासे का आश्वासन दिया। जिसके बाद जाम खोला जा सका।

## कांग्रेस नेता बोले- ईवीएम पर्ची मामले में नोटिस लोकतंत्र में शुभ संदेश, वीवीपैट का सौ फीसदी मिलान हो

**लखनऊ, एजेंसी।** राज्यसभा में कांग्रेस के उपनेता प्रमोद तिवारी ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ईवीएम की पर्चियों की गिनती कराने के संबंध में नोटिस जारी करने का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र में शुभ संदेश है। सर्वोच्च न्यायालय ने वोटों की गिनती के दौरान ईवीएम के साथ वीवीपैट पर्चियों की भी गिनती के लिए दायर याचिका को गंभीरता से लिया है। निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।



उन्होंने कहा कि इससे ईवीएम के मुद्दे पर विपक्ष की ओर से उठाए गए सवाल को बल मिलता है। वीवीपैट पर्चियों का शत प्रतिशत मिलान कराया जाना चाहिए। राज्यसभा सदस्य तिवारी ने दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी द्वारा किए गए इस खुलासे को भी गंभीर बताया है, जिसमें उन्होंने भाजपा पर स्वयं तथा आम आदमी पार्टी के चार नेताओं को भाजपा में शामिल होने का अनुचित दबाव बनाए जाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के इशारे पर एक नहीं दो-दो मुख्यमंत्रियों की गिरफ्तारी का अलोकतांत्रिक हथकंडा अपनाया गया है। ऐसे में संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए इंडिया गठबंधन तैयार है।

## नवरात्र में जम्मूतवी एक्सप्रेस में सीटें फुल, यात्री परेशान

**जगदीशपुर (अमेठी) , एजेंसी।** नवरात्र में वैष्णो देवी जाने के लिए लोगों को अब ट्रेनों में सीटें नहीं मिल रही है। रिजर्वेशन फुल हो चुके हैं। निहालगढ़ से होकर तीन ट्रेनें जम्मूतवी जाती हैं। तीन ट्रेनों में से केवल एक ट्रेन प्रतिदिन, एक सप्ताह में तीन दिन और एक ट्रेन सप्ताह में केवल एक दिन जाती है। निहालगढ़ रेलवे स्टेशन से काफी संख्या में भक्त नवरात्र में वैष्णो देवी दर्शन के लिए जाते हैं। इन ट्रेनों में श्रद्धालुओं को माता वैष्णो देवी जाने के लिए सीट नहीं मिल रही है। निहालगढ़ से जम्मू जाने वाली ट्रेनों में लंबी वेटिंग चल रही है। ऐसे में श्रद्धालुओं को वेटिंग पर टिकट लेने पड़ रहे हैं। वहीं कुछ लोग अभी भी सीट खाली होने के इंतजार में हैं। 9 अप्रैल से चैत्र नवरात्र शुरू होने जा रही है। इससे पहले नवरात्र पर जम्मू जाने वाले यात्रियों ने अपना आरक्षण करा लिया है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि निहालगढ़ रेलवे स्टेशन से होकर जम्मू जाने वाली ट्रेनों में वेटिंग शुरू हो गई है। चैत्र नवरात्र को शुरू होने में केवल नौ दिन बचे हैं। निहालगढ़ रेलवे स्टेशन से होकर गुजरने वाली बेगमपुरा एक्सप्रेस प्रतिदिन जाती है। हिमगिरी एक्सप्रेस सप्ताह में केवल तीन दिन शनिवार, रविवार,बुधवार को और श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस सप्ताह में एक दिन केवल शुक्रवार को जाती है।

## कहानी चुनाव की: जब दो भाइयों के बीच हुआ था चुनावी दंगल

### जानें यूपी की इस लोकसभा सीट की रोचक तस्वीर

**अमरोहा , एजेंसी।** लोकसभा चुनाव में सियासी सूरमा खूब दम भर रहे हैं। जनता के बीच राजनीतिक प्रतिस्पर्धा खुलकर सामने आ रही है। 2009 में हुए लोकसभा चुनाव में अलग ही दंगल देखने को मिला। जब दो सगे भाई एक दूसरे के खिलाफ चुनावी मैदान में उतरे और जमकर घमासान हुआ। इस चुनाव में छोटे को जीत मिली। 2009 में भाजपा और रालोद का गठबंधन था।



गठबंधन से देवेंद्र नागपाल रालोद प्रत्याशी के तौर पर मैदान में उतरे। जबकि सपा से महबूब अली और बसपा ने मैदूद मदनी चुनाव लड़े। इस चुनाव में तीनों के बीच कड़ी टक्कर मानी जा रही थी। लेकिन, इसी बीच देवेंद्र नागपाल के बड़े भाई हरीश नागपाल ने निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की।

जिसके बाद यह मुकाबला और भी रोचक हो गया। सभी की नजरें दोनों भाई के मुकाबले पर टिकी रहीं। दोनों के बीच राजनैतिक प्रतिद्वंद्विता देखने को मिली। इस चुनाव में गठबंधन का फायदा देवेंद्र नागपाल को मिला। उन्हें 283182 वोट मिले और अमरोहा के सांसद बने।

जबकि, हरीश नागपाल को मात्र 8443 वोट ही मिल सके थे। यही नहीं देवेंद्र नागपाल ने सपा के दिग्गज नेता महबूब अली को 92083 वोटों से हराया था। महबूब अली को 191099 वोट मिले थे।

**निर्दलीय प्रत्याशी रहकर बने विधायक और सांसद :** एक समय था जब देवेंद्र नागपाल और हरीश नागपाल की जनता के बीच में गहरी पैठ थी। वर्ष 2000 में जिला पंचायत सदस्य के पद से राजनीति शुरू करने वाले देवेंद्र नागपाल 2002 में हसनपुर विधानसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर मैदान में उतरे और उन्हें जीत हासिल हुई।

उधर, 2004 के लोकसभा चुनाव में हरीश नागपाल निर्दलीय लड़े। उन्होंने रालोद व सपा गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी महमूद मदनी को पराजित कर संसद का सफर तय किया। हरीश नागपाल को 287522 वोट मिले थे। वहीं महमूद मदनी को 269638 वोट मिले और वह दूसरे स्थान पर रहे।

**हरीश की पत्नी भी उतरीं थीं मैदान में :** 2009 में हुए चुनाव में दोनों भाई की राजनीतिक लड़ाई खुलकर सामने आई थी। छोटे भाई के सामने हरीश नागपाल के साथ-साथ उनकी पत्नी अंजुला नागपाल भी चुनाव मैदान में उतरीं। इस चुनावी दंगल में अलग माहौल रहा। हालांकि, हरीश नागपाल के साथ अंजुला नागपाल को भी हार मिली। उन्हें मात्र 1074 वोट मिले।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper




# अगले वर्ष फरवरी में सलमान शुरू करेंगे द बुल की शूटिंग

सलमान खान को लेकर कहा जा रहा है कि उन्होंने करण जौहर के साथ बनने वाली फिल्म द बुल से अपने कदम वापस खींच लिए हैं। सिने गलियारों में बहती हवाओं का कहना है कि इसका कारण करण जौहर और निर्देशक विष्णुवर्धन का आपस में सहमत न होना है। यह दोनों अभी तक इस फिल्म की शूटिंग तारीखों को तय नहीं कर पाए हैं। ऐसे में सलमान खान ने बार-बार बदलती तारीखों के चलते इस फिल्म से हाथ खींच लिए हैं और अब उन्होंने जो तारीखें करण जौहर को दी थी, वे उन्होंने साजिद नडियाडवाला की फिल्म को दे दी हैं। इस फिल्म की घोषणा कुछ दिनों पूर्व ही सलमान खान ने की थी और कहा था कि ईद पर उनकी यह फिल्म प्रदर्शित होगी।

गौरतलब है कि 1998 में रिलीज हुई करण जौहर की डायरेक्टोरियल डेब्यू फिल्म कुछ कुछ होता है में सलमान खान का एक्सटेंडेड कैमियो था। अब इस फिल्म के 25 साल बाद करण जौहर ने अपने प्रोडक्शन की फिल्म द बुल में सलमान खान की कास्टिंग की है। पिछले कई दिनों से फिल्मी गलियारों में चर्चा थी की डेट्स फाइनल न होने पर सलमान खान ने फिल्म छोड़ दी है, हालांकि अब प्रोडक्शन के सूत्रों की मानें तो ये खबर सरासर अफवाह है। बीते साल टाइगर 3 के प्रमोशन के दौरान सलमान खान ने कन्फर्म किया था कि वो करण जौहर की फिल्म द बुल का हिस्सा हैं। दिसंबर 2023 में वो फिल्म के मुहुर्त का भी हिस्सा थे। हालांकि बीते कुछ दिनों से खबर है कि बार-बार शूटिंग डेट्स बदलने से परेशान होकर सलमान ने फिल्म करने से इनकार कर दिया है।

बॉक्स ऑफिस इंडिया ने फिल्म से जुड़े एक सूत्र के हवाले से लिखा है कि सलमान अब भी करण की फिल्म द बुल का हिस्सा हैं। उनके द्वारा फिल्म छोड़ने की खबर अफवाह है। फिल्म द बुल की तैयारी शुरू हो चुकी है और सलमान अगले साल फरवरी से फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। फिल्म द बुल में सलमान में सलमान खान ब्रिगेडियर फारुख बुलसारा के रोल में नजर आएंगे, जो साल 1988 में मालदीव में हुए ऑपरेशन केकटस के लीड थे। फारुख बुसलारा पैरमिलिट्री ऑफिसर थे, जिन पर फिल्म बनेगी। फिल्म की शूटिंग फरवरी 2025 से शुरू होगी। इस फिल्म को विष्णु वर्धन निर्देशित करने वाले हैं। ज्ञातव्य है कि इन दिनों सलमान खान साजिद नाडियाडवाला के प्रोडक्शन की अनटाइटल फिल्म पर काम कर रहे हैं, जो आगामी वर्ष ईद पर प्रदर्शित होगी। इस फिल्म को ए.आर. मुरुगादास निर्देशित कर रहे हैं, जिन्होंने हिन्दी सिनेमा को पहली 100 करोड़ी फिल्म गजनी दी थी।



# पुष्पा के बाद अब अल्लू अर्जुन की हीरोइन बनेंगी सामंथा रुथ प्रभु

**सामंथा रुथ प्रभु को पिछली बार विजय देवरकोंडा के साथ कुशी मूवी में देखा गया था। अभी तक उन्होंने अपनी अगली फिल्म को लेकर कोई अनाउंसमेंट नहीं किया है। हालांकि, अब ये खबर सामने आ रही है कि वो एटली की फिल्म में काम करेंगी, जिसमें अल्लू अर्जुन हीरो हैं।**



क्या आप साउथ के तीन जाने-माने चेहरों की तिकड़ी को साथ में देखना चाहते हैं? ये तिकड़ी है शाहरुख खान की जवान फिल्म के डायरेक्टर एटली, पुष्पा स्टार अल्लू अर्जुन और फेमस एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु की। सामंथा ने पहले अल्लू अर्जुन और एटली दोनों के साथ ही काम किया है। एटली अपनी अपकमिंग मूवी के लिए अल्लू अर्जुन का नाम फाइनल कर चुके हैं और अब वो हीरोइन के रूप में सामंथा को बोर्ड में लेना चाह रहे हैं। दोनों के बीच बातचीत चल रही है। अभी ऑफिशियल अनाउंसमेंट आना बाकी है। रिपोर्ट के मुताबिक एटली अब अल्लू अर्जुन के साथ धमाका करने के लिए तैयार हैं। दोनों अक्टूबर 2024 से इस फिल्म पर काम शुरू करेंगे। दोनों ने सब्जेक्ट को फाइनल कर लिया है और एटली ने इस प्रोजेक्ट के लिए कास्टिंग का प्रोसेस शुरू कर दिया है। प्रोडक्शन से जुड़े सूत्रों का कहना है कि एटली अपनी फिल्म की हीरोइन के लिए सामंथा रुथ प्रभु से बातचीत कर रहे हैं। अगर ये खबर सही साबित होती है तो सामंथा और अल्लू एक बार फिर से साथ में स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे।

### एटली और सामंथा थेरी में काम कर चुके हैं

सूत्र का कहना है कि सामंथा और एटली के बीच पुराने समय से ही बहुत अच्छा रिश्ता रहा है। दोनों पहले थेरी फिल्म में साथ काम कर चुके हैं। अगर सामंथा, अल्लू अर्जुन और एटली की तिकड़ी साथ में काम करती है तो ये उनका री-यूनियन होगा।

### फिल्म में होगी एक और हीरोइन?

बताया जा रहा है कि इस फिल्म का बजट बहुत ज्यादा होने वाला है। दिलचस्प बात ये है कि इसमें सामंथा के अलावा एक और हीरोइन होगी, जिसकी कास्टिंग अभी बाकी है।

अल्लू अर्जुन इन दिनों अपकमिंग मूवी पुष्पा 2 की शूटिंग में बिजी हैं। फिल्म 15 अगस्त 2024 को थिएटर्स में रिलीज होने के लिए तैयार है। इसके बाद ही वो एटली की फिल्म पर काम शुरू कर पाएंगे। सामंथा की बात करें तो वो राज एंड डीके की वेब सीरीज हनी बनी में नजर आएंगी, जिसमें वरुण धवन भी हैं।

# लोकसभा चुनाव में वोट डालने के लिए युवा मतदाताओं को प्रेरित कर रहे आयुष्मान खुराना



आयुष्मान अलग तरह की फिल्में करने के लिए मशहूर हैं। फिल्म विक्की डोनर से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले अभिनेता ने फिल्म इंडस्ट्री को एक से बढ़कर एक हिट फिल्में दी हैं। साल 2023 में उनकी फिल्म ड्रीम गर्ल 2 बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने में कामयाब रही है। अब आयुष्मान एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं, लेकिन इस बार वजह उनकी फिल्में नहीं, बल्कि आगामी लोकसभा चुनाव है। आयुष्मान खुराना को चुनाव आयोग ने एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। आयोग ने अभिनेता का एक वीडियो जारी किया है, जिसमें वे युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में वे कहते हैं, 101 बहाने हैं वोट न डालने के, पर एक ही रीजन काफी है वोट डालने के लिए। आयुष्मान कहते हैं, 2024 के लोकसभा चुनाव में युवाओं से वोट डालने का आग्रह करने के लिए चुनाव आयोग ने मुझे अवसर दिया है। इसके लिए मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं। हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं, हम विशाल युवा आबादी वाला देश हैं। इसलिए, यह जरूरी है कि युवा वोट देकर हमारे देश का भविष्य तय करने में हिस्सा लें। आयुष्मान आगे कहते हैं, हर किसी को वोट करना चाहिए और राष्ट्र निर्माण में भाग लेकर जागरूक नागरिक बनना चाहिए। संसद में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले और हमारी जरूरतों का प्रतिनिधित्व करने वाले नेताओं को चुनने की शक्ति हम सभी के पास है। हर मतदान मायने रखता है और हर मतदान का काफी महत्व है। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में मतदान सशक्तिकरण का ही रूप है। आयुष्मान क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर के साथ भारत में यूनिसेफ के राष्ट्रीय राजदूत भी हैं।



# डिज्नी प्लस पर प्रदर्शित होगी प्रियंका चोपड़ा की टाइगर

ग्लोबल एक्ट्रेस बन चुकीं प्रियंका चोपड़ा ने अपने अगले प्रोजेक्ट 'टाइगर' की उसके पोस्टर के साथ घोषणा की। प्रियंका ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर 'टाइगर' की रिलीज डेट की घोषणा कर शेयर किया कि इस अविश्वसनीय कहानी को आवाज देना और फिल्म के माध्यम से जंगलों की खोज करना कितना मजेदार था। प्रियंका ने एक लंबे नोट से भावनाएं व्यक्त कीं। प्रियंका ने लिखा, 'टाइगर... एक कहानी जो जंगली को पकड़ती है और उसके भीतर होने वाली हर चीज को सामने लाती है – प्यार, संघर्ष, भूख, अस्तित्व और बहुत कुछ की कहानियां। भारत के हलचल भरे जंगलों में, जहां बड़े और छोटे, डरपोक और राजसी जीव घूमते हैं, वहां अंबा है – एक कालातीत विरासत वाली बाघ। वह अपने शावकों की इतने प्यार से देखभाल करती है कि माँ और बच्चे के बीच का खूबसूरत रिश्ता बहुत शानदार ढंग से चमकता है। इस खूबसूरत परिवार पर 8 साल तक इस फिल्म की शूटिंग की गई। मुझे इस अविश्वसनीय कहानी में अपनी आवाज देने और इस फिल्म के माध्यम से जंगलों की खोज करने में बहुत मजा आया। मैं आप सभी के साथ जंगल का आनंद लेने का इंतजार नहीं कर सकती! टाइगर आपके लिए इस पृथ्वी दिवस, 22 अप्रैल को प्रदर्शित की जाएगी।




# बड़े मियां छोटे मियां के लिए कैटरीना कैफ थीं अली की पहली पसंद

अली अब्बास जफर इन दिनों अपनी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां को लेकर चर्चा में हैं। अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ स्टारर यह फिल्म सिनेमाघरों में दस्तक के लिए तैयार है। फिलहाल फिल्म की पूरी टीम इस फिल्म के प्रमोशन में जुटी हुई है। एक साक्षात्कार में निर्देशक अली अब्बास जफर ने फिल्म को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि फिल्म में मुख्य महिला किरदार के लिए कैटरीना कैफ उनकी पहली पसंद थी। साक्षात्कार में निर्देशक अली अब्बास जफर ने कहा जब भी वह कोई फिल्म बना रहे होते हैं, तो उनके दिमाग में हमेशा कैटरीना कैफ होती हैं। गौरतलब है कि बीते कुछ सालों में अली अब्बास जफर द्वारा निर्देशित कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों में कैटरीना कैफ मुख्य किरदार में नजर आ चुकी हैं। हाल ही में कैटरीना ने फिल्म बड़े मियां छोटे मियां के ट्रेलर पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी थी, जिसके जवाब में अली ने कहा था, वह सेट पर कैटरीना की कमी महसूस करते हैं। इतना ही नहीं इस दौरान अली ने कैटरीना को उनकी अगली फिल्म के लिए तारीखों को खाली रखने के लिए भी कहा था। साक्षात्कार में अली ने बड़े मियां छोटे मियां फिल्म में कैटरीना को कास्ट करने के बारे में बात करते हुए कहा, मैं जब भी वह कोई फिल्म बनाता हूं तो



फिल्म में मुख्य महिला किरदार के लिए कैटरीना उनके दिमाग में रहती हैं। अगर मैं उन्हें फिल्म नहीं कास्ट करता तो वे मुझे कॉल करके पूछती हैं कि मुझे यह फिल्म ऑफर क्यों नहीं की जा रही है? बड़े मियां छोटे मियां के दौरान भी कैटरीना ने मेरे से यह शिकायत की है। अली ने आगे कहा, कैटरीना के साथ मेरे रिश्ते हमेशा अच्छे रहे हैं। मैंने उनके साथ भारत, मेरे ब्रदर की दुल्हन हो और टाइगर जिंदा है जैसी फिल्मों में काम किया है। गौरतलब है कि फिल्म में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के अलावा अलाया एफ, मानुषी छिल्लर, सोनाक्षी सिन्हा और पृथ्वीराज भी अहम भूमिका में नजर आने वाले हैं। फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, अजय देवगन की फिल्म मैदान से टकराएगी।



# ओटीटी न केवल दर्शकों बल्कि आर्टिस्ट के लिए भी वरदान साबित हुआ है

**फैमिली मैन, एस्पिरेंट्स और रेलवे मैन जैसी सीरीज में नजर आ चुके सनी हिंदुजा हाल ही में फिल्म योद्धा में नेगेटिव रोल में नजर आए। एक्टर ने इस इंटरव्यू में अपनी लाइफ के कई किस्से शेयर किए और बताया कि कैसे वो ऑडिशन देने बसों से जाया करते थे और केले खाकर गुजारा करते थे वक्त।**

**आप एफटीआईआई से आए हैं, इस संस्थान ने आपको कितना संवारा है?**

मेरा मानना है कि भले कोई भी कला आप में जन्मजात हो, मगर आप यदि उसे पॉलिश करते हैं, तो वो और निखर कर सामने आती है। मैं आज भी सीखने में यकीन करता हूं। मुझे लगता है कि सारी चीजों का एक ही रामबाण है और वह है, मेहनत। मैं खुद को काफी भाग्यशाली मानता हूं कि मेरा दाखिला एफटीआईआई में हो पाया, मैं एक ऐसे संस्थान से हूं, जहां से शबाना आजमी, नसीरुद्दीन शाह, ओम पुरी, शत्रुघ्न सिन्हा, जया बच्चन जैसे दिग्गज आते हैं। आज अगर मैं अभिनय के बारे में थोड़ी बहुत समझ भी रख पाया हूं, तो वो एफटीआईआई के कारण ही है।

**आपने संघर्ष भी खूब देखा, कैसा था वो दौर?**

मुझे लगता है, संघर्ष आपको बहुत खूबसूरत बनाता है। संघर्ष के दौर में आप दो तरह से सोचते हैं। एक आप हथियार डालने की सोचते हैं या फिर आपको लगता है कि इस वक्त मैं शायद तैयार नहीं हूं, मुझे और मेहनत करनी होगी। मगर मैं लकी था कि उस वक्त मैं जिनके साथ था, मेरा परिवार, यार-दोस्त उन्हीं की बदौलत मैं उस दौर को गुजार पाया। मैं जब एफटीआईआई में पढ़ ही रहा था कि मुझे फिल्म ऑफर हो गई थी और मुझे लगा कि मैं तो अपनी मंजिल पर पहुंच गया। उस फिल्म के बाद मैंने और भी कई फिल्में कीं, मगर ये फिल्में सिनेमा हॉल तक पहुंच ही नहीं पाईं। मुंबई में आने के चार-पांच साल बाद लगा कि सब जीरो हो गया। एक समय ऐसा भी था, जब काम मिलना बंद हो गया था। कभी - कभार मिलता भी था, तो न के बराबर मिलता। बसों से खूब सफर किया है मैंने। दादर, चर्चगेट या फेमस स्टूडियो में होने वाले ऑडिशन के लिए मैं 35 नंबर की बस पकड़ा करता था। एक बार ऐसे ही ऑडिशन में मुझे पांच बजे तक पहुंचना था। मैं अंधेरी से 12 बजे निकला और पौने पांच बजे ऑडिशन पर पहुंच पाया था। मैं ट्रैफिक में फंस गया था। उन दिनों मैं केले खा कर पेट भर लिया करता था। उस समय मेरी पत्नी ने मेरा काफी साथ दिया। कई बार ऐसा भी हुआ कि मेरे अकाउंट में मात्र 200-300 रुपए हैं और आगे पैसों का कुछ पता नहीं है, मगर हमने सैडनेस को भी सेलिब्रेट किया है। हम उन बचे हुए पैसों से डिनर कर आते थे। कई बार रेंट भरने के पैसे नहीं होते थे, मगर ऐन वक्त पर कहीं न कहीं से कुछ छोटा -मोटा विज्ञापन का काम आ जाता, जिससे किराया निकल जाता, तो ऐसे ऊपर वाले ने भी साथ दिया और हमने भी हिम्मत नहीं हारी।

**ओटीटी को आप अपने करियर का टर्निंग पॉइंट कैसे मानते हैं? फैमिली मैन, एस्पिरेंट्स, रेलवे मैन जैसी सीरीज से आपने खूब नाम कमाया?**

शो के नाम में अगर मैन आ जाए, तो उसमें मेरा रहना जरूरी होता है। मैं मानता हूं कि ओटीटी न केवल दर्शकों के लिए बल्कि आर्टिस्ट के लिए भी वरदान साबित हुआ है। यहां दर्शकों को विविधतापूर्ण कॉन्टेंट मिलता है, तो फिल्मकार और कलाकार को भी विषयों और अभिनय में कई तरह के प्रयोग करने मिलते हैं। नए-नए टैलंट्स को भी मौका मिला है खूब। मुझे लगता है कि ये प्लैटफॉर्म हम सभी के लिए इंस्ट्रुमेंटल रहा है।

**योद्धा जैसी कमर्शल सेटअप वाली फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा जैसे हीरो के साथ विलेनगिरी करने का अनुभव कैसा रहा?**

इस वक्त मैं खुद को काफी खुशनसीब मान रहा हूं, जो मुझे काम मिल रहा है, अलग-अलग भूमिकाएं दी जा रही हैं। कमर्शल सिनेमा का हिस्सा बनने का सपना बचपन से रहा, तो मैं हमेशा से ऐसी फिल्म करना चाह रहा था। उस पर करण जौहर जैसे मेकर की फिल्म का हिस्सा बनना और भी बड़ी बात रही। हां, मेरे रोल के लिए मुझे तारीफें मिल रही हैं। सिद्धार्थ स्वीटहार्ट हैं और वे बहुत ही प्यार देने वाले शख्स हैं। वे जमीन से जुड़े अदाकार हैं। उन्होंने एस्पिरेंट्स में मेरा काम देखा हुआ था। उनको मेरा काम पसंद भी काफी आया था और ये बात उन्होंने मुझसे शेयर भी की थी। सेट पर पहले ही दिन उन्होंने मेरे काम की तारीफ कर दी थी और वहां से हमारे बीच का रिश्ता काफी सहज हो गया। उन्होंने सेट पर मुझे ही नहीं बल्कि नए निर्देशकों की जोड़ी सागर आंब्रे और पुष्कर ओझा को भी काफी सहयोग दिया।

# क्विंटन डि कॉक के आईपीएल में 3000 रन पूरे



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और लखनऊ सुपर जायंट्स का मुकाबला खेला जा रहा है। इस मैच में लखनऊ के सलामी बल्लेबाज क्विंटन डि कॉक ने अपनी टीम को तेज शुरुआत दिलाई। इसी पारी के दौरान उन्होंने आईपीएल में अपने 3000 रन पूरे किए। 31 साल के डि कॉक ने 2013 में सनराइडर्स हैदराबाद के लिए लीग में डेब्यू किया था।

वह दिल्ली कैपिटल्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस का भी हिस्सा रह चुके हैं। डिकॉक आईपीएल में सबसे तेज 3000 रन पूरा करने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में छठे नंबर पर हैं। हम आज आपको टॉप-5 की लिस्ट बताते हैं।

### क्रिस गेल- 75 पारी

वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल के आईपीएल में सबसे तेज 3000 रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने सिर्फ 75 पारियों में यह कारनामा किया था। गेल ने कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए डेब्यू किया था। फिर वह आरसीबी और पंजाब किंग्स के लिए भी खेले।

### केएल राहुल- 80 पारी

केएल राहुल लीग में सबसे तेज 3000 रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज हैं।

राहुल ने सनराइजर्स हैदराबाद के लिए अपने करियर की शुरुआत की थी। वहां प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा। लेकिन आरसीबी में आने के बाद से वह अलग बल्लेबाज बनकर सामने आए। वह लीग में ऑरेंज कैप भी जीत चुके हैं।

### जोस बटलर- 85 पारी

जोस बलटर ने आईपीएल से भी ओपनिंग शुरू की थी। तब से इस फॉर्मेट के सबसे विस्फोटक बल्लेबाज बनकर सामने आए हैं। पहले मुंबई इंडियंस और फिर राजस्थान रॉयल्स के लिए उन्होंने कमाल का क्रिकेट खेला। बटलर ने 85 पारियों में 3000 आईपीएल रन पूरे किए थे।

### डेविड वॉर्नर- 94 पारी

डेविड वॉर्नर आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विदेश बल्लेबाज हैं। वॉर्नर अपनी कप्तानी में सनराइजर्स हैदराबाद को आईपीएल का खिताब जीता चुके वॉर्नर ने 94 पारी में अपने 3000 आईपीएल रन पूरे किए थे। वॉर्नर अभी दिल्ली कैपिटल्स की टीम का हिस्सा हैं।

### फाफ डु प्लेसिस-94 पारी

फाफ डु प्लेसिस ने भी 94 पारियों में ही 3000 रन पूरे किए थे। अभी आरसीबी की कप्तानी कर रहे फाफ ने चेन्नई सुपर किंग्स के लिए डेब्यू किया था। वह राइजिंग पुणे सुपर जायंट्स के लिए भी खेल चुके हैं। अभी तक 126 आईपीएल पारी में वह 4179 रन बना चुके हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### एसपी चौरसिया की टीम ने जीता चंडीगढ़ ओपन 2024 का प्रो-एम इवेंट



**चंडीगढ़, एजेंसी।** प्रोफेशनल एसपी चौरसिया और उनकी टीम ने चंडीगढ़ गोल्फ क्लब द्वारा आयोजित निसान द्वारा प्रस्तुत चंडीगढ़ ओपन 2024 का प्रो-एम इवेंट अपने नाम कर लिया है। चौरसिया की टीम में एसपीएस मठारु, दरवेश कुमार और चितवन मान शामिल थे। जिन्होंनें 54.4 का स्कोर बनाया। पेशेवर अजितेश संधू और उनकी टीम में एम्योच्योर अमन चहल, ब्रिगेडियर केजेएस पुरी, संदीप सिंह तूर थे जो कि 54.5 के स्कोर के साथ उपविजेता रहे। 'क्लोजेस्ट टू दी पिन ऑन होल नं 8' कांटेस्ट कर्नल मनबीर हुंडल ने जीता जिन्होंनें पिन के चार फीट के भीतर गेंद लेंड करवाई। जबकि 'क्लोजेस्ट टू दी पिन ऑन होल नं 11' कॉन्टेस्ट कर्नल एसएस गिल के नाम रहा जिन्होंनें गेंद को पिन के दो फीट और दस इंच के भीतर उतारा। प्रीतिंदर सिंह ने 'स्ट्रेटेस्ट ड्राइव ऑन होल नं 5 का खिताब जीता । उनकी ड्राईव फेयरवे के सेंटर से पांच इंच की दूरी पर गिरी। गुरप्रीत सिंह ने लोगेस्ट ड्राईव ने होल नं 16 का कॉन्टेस्ट जीता। उनकी ड्राइव की दूरी 282 यार्ड थी।

### बिंदिया ने विश्वकप में जीता कांस्य पदक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मणिपुर की लिफ्टर ने स्नैच में अच्छी शुरुआत नहीं की। उन्होंने यहां 83 किलो की सिर्फ एक लिफ्ट पास की। वह छठे स्थान पर थीं। क्लीन एंड जर्क में उन्होंने 113, 116 की लिफ्ट पास की। रजत जीतने के लिए उन्होंने 119 की लिफ्ट का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं रहीं। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतने वाली वेटलिफ्टर बिंदिया रानी देवी ने ओलंपिक क्वालिफायर विश्वकप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीत लिया। उन्होंने मंगलवार को 55 भार वर्ग में कुल 196 किलो वजन उठाकर पदक जीता। राष्ट्रमंडल खेलों के बाद से लगातार चोटिल चल रहीं बिंदिया भी मीराबाई के साथ सेंटलुई (अमेरिका) इलाज कराने गई थीं। वह भी मीरा की तरह पुनर्वास से गुजर कर यहां वापसी कर रही थीं। मणिपुर की लिफ्टर ने स्नैच में अच्छी शुरुआत नहीं की। उन्होंने यहां 83 किलो की सिर्फ एक लिफ्ट पास की। वह छठे स्थान पर थीं। क्लीन एंड जर्क में उन्होंने 113, 116 की लिफ्ट पास की। रजत जीतने के लिए उन्होंने 119 की लिफ्ट का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं रहीं। बिंदिया ने कांस्य जरूर जीता है, लेकिन उनका पेरिस ओलंपिक का टिकट मुश्किल है। वह अगले माह जारी होने वाली ओलंपिक क्वालिफिकेशन की रैंकिंग में नीचे हैं।

### आईपीएल 2024 में विराट कोहली का दोहरा शतक पूरा, रियान पराग से छीनी ऑरेंज कैप



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल के 17वें सीजन में विराट कोहली ने सबसे पहले रनों के मामले में दोहरा शतक पूरा किया है। वे आईपीएल 2024 में सबसे पहले 200 रनों का आंकड़ा पार करने वाले बल्लेबाज बने हैं और इस तरह फिर से ऑरेंज कैप उनके सिर पर सज गई है। राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज रियान पराग को उन्होंने पीछे छोड़ दिया है। टॉप 5 में निकोलस पूरन और क्विंटन डिकॉक ने एंट्री कर ली है। वहीं, लखनऊ सुपर जाएंट्स के नई पेस सनसनी यानी मयंक यादव ने पर्पल कैप की रेस में धमाकेदार एंट्री मारी है।

## घर में मुंह दिखाने लायक नहीं रहा बांग्लादेश

# श्रीलंका ने 2-0 से टेस्ट सीरीज को किया क्लीन स्वीप



**चट्टोग्राम, एजेंसी।** दो टेस्ट मैचों की सीरीज के आखिरी मुकाबले में श्रीलंका ने बांग्लादेश को 192 रन से हराकर 2-0 से क्लीन स्वीप कर दिया। चौथी पारी में श्रीलंका के लिए तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा ने 50 रन देकर चार विकेट अपने नाम किए। श्रीलंका ने पहला टेस्ट मैच 328 रन से जीता था और दूसरे मैच में जीत से उसने बांग्लादेश में टेस्ट मैच नहीं हारने का रिकॉर्ड बरकरार रखा। श्रीलंका ने इससे पहले टी20 सीरीज में 2-1 से जीत हासिल की थी। वनडे सीरीज में हालांकि वह इसी अंतर से हार गया था। बांग्लादेश ने 511 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मैच के पांचवें और अंतिम दिन सुबह 7 विकेट पर 268 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई और उसकी पूरी टीम 318 रन पर आउट हो गई। मेहदी हसन मीराज 81 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने अपनी पारी में 100 गेंद खेली और 14 चौके लगाए।

### बुरी तरह से लड़खड़ा गई बांग्लादेश की पारी

कामिंदु मेंडिस ने दिन के चौथे ओवर में ही ताइजुल इस्लाम को आउट करके श्रीलंका को दिन की पहली सफलता दिलाई। कुमारा ने इसके बाद हसन महमूद और सैयद खालिद अहमद को आउट करके श्रीलंका को जीत दिलाई। श्रीलंका ने अपनी पहली पारी में 531 रन बनाए। उसकी इस पारी में छह बल्लेबाजों ने अर्धशतक लगाए। इस तरह से किसी भी बल्लेबाज के शतक लगाए बिना सर्वोच्च स्कोर बनाने का रिकॉर्ड श्रीलंका के नाम दर्ज हो गया। श्रीलंका ने बांग्लादेश को 178 रन पर आउट करके 353 रन की बढ़त हासिल की लेकिन उसने फॉलोआन नहीं दिया। श्रीलंका ने अपनी दूसरी पारी सात विकेट पर 157 रन पर समाप्त घोषित की थी।

# हैदराबाद के खिलाफ नहीं खेल पाएंगे मुस्तफिजुर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान के आईपीएल 2024 में सीएसके के आगामी मैच से चूकने की उम्मीद है। रिपोर्ट्स के मुताबिक वह टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए अमेरिकी वीजा की प्रक्रिया के लिए अपने देश वापस चले गए हैं। टी20 विश्व कप 26 मई को चेन्नई में आईपीएल फाइनल के तुरंत



बाद 1 जून को शुरू होगा। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि सीएसके शुक्रवार को अपने घर के बाहर मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी और मुस्तफिजुर के रविवार या सोमवार को लौटने की उम्मीद है, हालांकि यह इस पर निर्भर करेगा कि उन्हें अपना पासपोर्ट कब वापस मिलता है। एक रिपोर्ट में बीसीबी क्रिकेट ऑपरेशन के अध्यक्ष जलाल यूनुस के हवाले से कहा गया है, मुस्तफिजुर अमेरिकी वीजा के लिए आईपीएल से मंगलवार रात लौटे हैं। वह कल (4 अप्रैल) यूएस एंबेसी में अपना फिंगरप्रिंट देंगे और बाद में सीएसके में शामिल होने के लिए भारत वापस लौटंगे।

# 21 साल की उम्र में ही मयंक ने रचा इतिहास



**नईदिल्ली, एजेंसी।** लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम ने आरसीबी को 28 रनों से हरा दिया। इस मैच में आरसीबी के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। लखनऊ की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए आरसीबी की टीम को 182 रनों का टारगेट दिया, जिसके जवाब में आरसीबी की टीम सिर्फ 153 रन ही बना पाई। इस मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए मयंक यादव ने कमाल की गेंदबाजी की और वह टीम के लिए हीरो साबित हुए। मैच के बाद उन्होंने फास्ट बॉलिंग करने के कई अहम कारण बताए हैं।

मैच के बाद मयंक यादव ने कहा कि वास्तव में अच्छा लग रहा है, दो मैचों में दो प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार। मुझे इस बात की ज्यादा खुशी है कि हमने दोनों मैच जीते। मेरा लक्ष्य देश के लिए खेलना है।

मुझे लगता है कि ये तो बस शुरुआत है। मैंने कैमरुन ग्रीन के विकेट का सबसे अधिक आनंद लिया। तेज गेंदबाजी करने के कई कारण हैं। आहार, नींद, ट्रेनिंग। मैं अपने आहार और रिकवरी पर बहुत फोकस कर रहा हूं।

### लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम ने जीता मैच

लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम के गेंदबाजों और बल्लेबाजों ने कमाल का प्रदर्शन किया। पहले बैटिंग करते हुए लखनऊ के लिए क्विंटन डि कॉक ने 81 रन और निकोलस पूरन ने 40 रन बनाए। इन प्लेयर्स की वजह से ही लखनऊ की टीम 181 रन बना पाई। इसके बाद मयंक यादव ने कमाल की गेंदबाजी की। उन्होंने बेहतरीन गेंदबाजी का नमूना पेश करते हुए अपने चार ओवर में 14 रन देकर तीन विकेट चटकाए।

शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड दिया गया। मयंक यादव आईपीएल के इतिहास में पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने अपने शुरुआती दो मैचों में प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीते हैं। उनसे पहले ऐसा कोई भी नहीं कर पाया था। उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल में डेब्यू किया था और प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीता अपने नाम किया। इसके बाद आरसीबी के खिलाफ भी उन्होंने ये अवॉर्ड जीत लिया है।

# पाकिस्तान दौरे के लिए न्यूजीलैंड टी20 टीम का ऐलान



**क्राइस्टचर्च, एजेंसी।** न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ रावलपिंडी और लाहौर में 17 से 27 अप्रैल तक होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए अनुभवी ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल को अपना कप्तान नियुक्त किया है। माइकल ब्रेसवेल, जो पहली बार टीम की कप्तानी करेंगे, पिछले साल मार्च से चोटिल होने के कारण बाहर थे।

चोट से उबरने के बाद उन्होंने क्रिकेट में शानदार कमैबक किया। न्यूजीलैंड के चयनकर्ता सैम वेल्स ने कहा कि ब्रेसवेल ने पिछले साल चोट से उबरने के लिए सराहनीय धैर्य और समर्पण दिखाया था। वेल्स ने कहा, माइकल को लंबे समय तक क्रिकेट से दूर रहना पड़ा है और उसे फिर से क्रिकेट खेलते हुए देखना रोमांचक है। एड़ी की चोट के बाद वह फिर से अच्छा खेल रहे हैं, यह उनकी कड़ी मेहनत का प्रमाण है। वह एक अच्छा लीडर हैं। उनके पास वेलिंगटन के साथ-साथ न्यूजीलैंड ए और न्यूजीलैंड इलेवन टीमों की कप्तानी का अनुभव है, जिससे हमारा मानना है कि वह पाकिस्तान में टीम का नेतृत्व करने के लिए अच्छा विकल्प हैं। ब्रेसवेल उस टीम का नेतृत्व करेंगे जिसमें अनुभवी टी20 खिलाड़ी शामिल होंगे, जिसमें पिछले टी20 विश्व कप टीम के सात सदस्य शामिल हैं। साथ ही दो युवा खिलाड़ी टिम रॉबिन्सन और विलियम ओरूर्के को पहली बार टी20 टीम में शामिल किया गया है।

### पाकिस्तान के लिए न्यूजीलैंड टीम:

माइकल ब्रेसवेल (कप्तान), फिन एलन, मार्क चैपमैन, जोश क्लार्कसन, जैकब डफी, डीन फॉक्सक्रॉफ्ट, बेन लिस्टर, कोल मैककोनी, एडम मिल्ने, जिमी नीशम, विल ओरूर्के, टिम रॉबिन्सन, बेन सियर्स, टिम सेफ़र्ट, ईश सोढ़ी

### शेड्यूल

पहला टी20-18 अप्रैल, रावलपिंडी
दूसरा टी20-20 अप्रैल, रावलपिंडी
तीसरा टी20- 21 अप्रैल, रावलपिंडी
चौथा टी20-25 अप्रैल, लाहौर
पांचवां टी20-27 अप्रैल, लाहौर

# अंबाती रायुडू ने बताया 16 साल से क्यों खिताब नहीं जीती आरसीबी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 में रॉयल चैलेंजर्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही है। टीम चार मैच खेल चुकी है जिसमें से वह केवल एक ही मुकाबला जीती है। आरसीबी अपने घर पर दो मुकाबले हारी है। टीम के प्रदर्शन के बाद उसके फैंस को डर सताने लगा है कि कहीं इस बार भी आरसीबी खिताब से चूक न जाए। आरसीबी बीते 16 सालों में कभी भी खिताब नहीं जीत पाई है। दिग्गज खिलाड़ी अंबाती रायुडू ने बताया कि आखिर क्या वजह है कि सितारों से सजी आरसीबी खिताब क्यों नहीं जीत पाती।

**दबाव की स्थिति में नजर नहीं आता कोई सीनियर**

रायुडू ने बताया कि आरसीबी में बड़े नाम दबाव के समय युवाओं को आगे कर देते हैं। वह खुद ऊपर बल्लेबाजी करते हैं और युवाओं को मिडिल ऑर्डर में भेजते हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेल चुके इस खिलाड़ी ने कहा, 'मुझे लगता है कि गेंदबाजी हमेशा पार स्कोर से ज्यादा रन देती है और उनकी बल्लेबाजी दबाव में परफॉर्म करती है। जब भी आरसीबी दबाव में होती है कोई बड़ा नाम खेलता हुआ नजर नहीं आता। ऐसी टीमें कभी नहीं जीत पाती। इसी कारण उन्होंने बीते इतने सालों से खिताब नहीं जीता है।'

**16 साल से नहीं बदली कहानी**

उन्होंने अपनी बात जारी रखते हुए कहा, 'जितने भी युवा खिलाड़ी हैं वह निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हैं और जो भी बड़े नाम हैं वह ऊपर खेलते हैं। अनुभवी खिलाड़ी केक की क्रीम खाकर निकल जाते हैं। आप देखिए दबाव में कौन खेल रहा होता है। भारत के युवा खिलाड़ी और दिनेश कार्तिक। आपके बड़े अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को दबाव लेना चाहिए, लेकिन वह कहां होते हैं? वह ड्रेसिंग रूम में होते हैं। यह आज नहीं हो रहा है। पिछले 16 साल से टीम की यही कहानी है।'

आरसीबी की सीजन की शुरुआत हार के साथ हुई थी। पहले मुकाबले में उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स का सामना किया और छह विकेट से मैच हारी।

## एक नजर

### 15 लीटर महुआ शराब के साथ दो गिरफ्तार

**बारूण (औरंगाबाद)** बारुण थाना की पुलिस ने 15 लीटर देसी महुआ चुलाई शराब के साथ कैलाश भुइयां तथा चंदन शाह को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मामले में पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### लोस चुनाव को लेकर निर्वाचन स्थायी समिति की बैठक

**बारूण (औरंगाबाद)** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 को लेकर औरगाबाद के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक स्वपना गौतम मेश्राम की संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय निर्वाचन स्थायी समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में चुनाव को लेकर विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया।

### राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ऑब्जर्वर, डीआरओ व एसपी ने की बैठक

**(औरंगाबाद) (नि.सं.)** । लोकसभा आम निर्वाचन-2024 को लेकर औरंगाबाद के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, पुलिस अधीक्षक स्वपना गौतम मेश्राम एवं जनरल ऑब्जर्वर की संयुक्त अध्यक्षता में जिले के सभी राजनीतिक दलों के एक-एक सदस्यों के साथ समाहरणालय सभागार में बुधवार को बैठक संपन्न हुई। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को चुनाव को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### महिला पुलिस ने शिक्षण संस्थानों के आसपास शुरू की गश्ती

**(औरंगाबाद) (नि.सं.)** । पुलिस अधीक्षक स्वपना गौतम मेश्राम के निर्देश पर छात्राओ की सुरक्षा के लिए बुधवार महिला थाना की पुलिस ने शहर के स्कूल, कॉलेज एवं कोचिंग सेंटर्स के आसपास गश्ती की। पुलिस ने बताया कि शिक्षण अवधि के दौरान यह गश्ती नियमित रूप से जारी रहेगी।

### एनबीडबल्यू वारंटी गिरफ्तार, गया जेल

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)** । गोह पुलिस ने फाग गांव निवासी शिवशंकर राम व पकड़ी गांव निवासी लाला शर्मा उर्फ लाला मिस्त्री को गिरफ्तार कर थाना लाया है। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि फाग गांव निवासी शिवशंकर राम और पकड़ी गांव निवासी लाला शर्मा उर्फ लाला मिस्त्री पर न्यायालय से एनबीडबल्यू वारंट निर्गत था। दोनो काफी दिनों से फरार चल रहे थे। गुप्त सूचना मिली कि दोनो घर पर आए हुए है। पुलिस ने घर पर छापेमारी की और दोनो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### चोरी की दो मोटरसाइकिल के साथ तीन बाइक चोर गिरफ्तार

**औरंगाबाद (का.सं.)** । औरंगाबाद नगर थाना की पुलिस ने अंबेडकर नगर से चोरी की 02 मोटरसाइकिल के साथ 03 बाइक चोरों को गिरफ्तार किया है। तीनो अंबेडकर नगर में किराए के मकान में रहते थे। मामले में कांड दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### अस्पतालों में एईएस और जेई से निबटने पूरी दवा हो : सचिव

**पटना (नि.सं.)** । एईएस (एक्यूट इंसेफ्लाइटिस सिंड्रोम) और जेई (जैपनिज इंसेफ्लाइटिस) से निबटने के लिए 75 प्रतिशत दवा प्रभावित जिलों के अस्पतालों में उपलब्ध हैं। दवा की शत प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। 12 जिलों के अस्पतालों में दवा उपलब्धता सुनिश्चित कराने की तैयारी तेज कर दी गई है। स्वास्थ्य सचिव संजय कुमार सिंह ने बताया कि एईएस और जेई को लेकर विभिन्न स्तरों पर लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है। प्रभावित जिलों के स्वास्थ्य केंद्रों पर सुबह खास कर 4 से 6 बजे के बीच डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। एईएस और जेई से निबटने की तैयारी में पिछले दिन समीक्षा में पश्चिम चंपारण और सारण पिछड़े हैं। दोनों जिलों के सिविल सर्जन से तुरंत तैयारी पूरी करने के लिए कहा गया है। मुजफ्फरपुर की तैयारी बेहतर है। स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि एईएस और जेई के लक्षण वाले बच्चों को अस्पताल लाने के बाद वाहन का खर्च भी दिया जाएगा।

# चुनाव आयोग के द्वारा मनोनीत व्यय प्रेक्षक ने राजनीतिक दल के अभ्यर्थियों के साथ की बैठक

- चुनाव में की जाने वाली व्यय से संबंधित दिशा-निर्देश

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद**। लोकसभा निर्वाचन 2024 के सफल आयोजन एवं पूर्व तैयारी हेतु योजना भवन समाहरणालय औरंगाबाद में चुनाव आयोग के द्वारा मनोनीत व्यय प्रेक्षक नीलांजल डे की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गई इस बैठक में लोकसभा निर्वाचन में नामांकन करने वाले सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों ने भाग लिया उक्त बैठक में सर्वप्रथम निर्वाचन व यय लेखा कोषांग के नोडल पदाधिकारी एवं राज्य कर संयुक्त आयुक्त रवि रंजन आलोक ने सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित राजनीतिक दल के अभ्यर्थियों के प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की तत्पश्चात निर्वाचन में की जाने वाली व्यय से संबंधित दिशा निर्देश एवं जानकारी प्रदान की गई बैठक को संबोधित करते हुए व्यय प्रेक्षक नेबिंदवार निर्वाचन वयय से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं चुनाव आयोग का दिशा निर्देश से संबंधित जानकारी प्रदान की वयय प्रेषक नहीं बताया कि निर्वाचन में खर्च की अधिकतम सीमा 95 लाख सभी अभ्यर्थियों को आरपी एक्ट 1951 की धारा 77 के तहत नामांकन एवं परिणामों की घोषणा के तिथि के दौरान किए गए सभी व्यय के पृथक एवं सही लेखा का संधारण करना अनिवार्य है सभी अभ्यर्थियों को परिणाम की घोषणा की तिथि के 30 दिनों के अंदर समस्त संधारित्र लेखा को जिला निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष जमा करने का भी निर्देश दिया गया इसके लिए एक अलग है बैंक खाता का होना भी अनिवार्य है यह खाता नामांकन के एक दिन पूर्व का होना चाहिए बैठक में उपस्थित पदाधिकारी ने आवश्यक दिशा निर्देशसंबंधी जानकारी देते हुए बताया कि व्यय पंजी जमा करते समय अभ्यर्थी के हस्ताक्षर संबंधी पूर्ण विवरण भाग 1 से भाग 4 अनुसूची एक से अनुसूची 11 बैंक विवरण की प्रति शपथ पत्र पावती पत्र तथा निर्वाची पदाधिकारी द्वारा निर्गत सूचना एवं उसका स्पष्टीकरण भी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया बैठक में अभी बताया गया कि राजनीतिक दल के अभ्यर्थियों का अपराधिक पूर्व वृत्त का प्रकाशन तीन बार करना अनिवार्य होगा बैठक में ज्ञानी दास राज्य कर उपायुक्त गुंजन कुमार राज्य कर सहायक आयुक्त संतोष कुमार राज्य कर आयुक्त अनामिका कुमारी राज्य कर सहायक आयुक्त प्रधान लिपिक संत पवन कुमार डॉ निरंजय कुमार सुनील कुमार चंदन कुमार एवं सभी लेखा दल के सदस्य उपस्थित थे।

# बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद**। बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड औरंगाबाद के नेतृत्व में बुधवार को समाहरणालय परिषद से स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया इस रैली में सैकड़ो की संख्या में स्काउट गाइड पहले मतदान फिर जलपान आदि कई नारे लगाते हुए शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए टिकरी मोहल्ला महाराजगंज रोड से समाहरणालय परिसर में स्थित नगर भवन में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सभी स्काउट गाइड में निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित शपथ पत्र को दोहराया और पूरे मतदान प्रक्रिया में अधिक से अधिक मतदाताओं की सहभागिता हो इसके प्रचार प्रसार के लिए संकल्प लिया कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त रूप से वरीय उपसमाहर्ता सह कोषांग प्रभारी श्वेता प्रियदर्शनी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा गार्गी कुमारी जिला संगठन आयुक्त स्काउट श्रीनिवास कुमार ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया इस अवसर पर स्काउट मास्टर राजकुमार प्रसाद गुप्ता अजीत कुमार अखिलेश कुमार कुंदन कुमार श्रवण कुमार अमित रंजन भास्कर मनोज कुमार गुड्डू कुमार राहुल कुमार आयुष कुमार

## कंटेनर से 69 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद, वाहन जब्त

**औरंगाबाद (नि.सं.)**। मद्य निषेध इकाई, पटना एवं औरंगाबाद पुलिस ने मंगलवार को देर रात संयुक्त कार्रवाई में एनएच-139 पर औरंगाबाद सदर प्रखंड में जम्होर थाना क्षेत्र में मोर डिहरी स्थित चेकपोस्ट के पास वाहन जांच के दौरान एक कंटेनर के केबिन से 69 कार्टून में भरा रॉयल स्टैग ब्रांड का कुल-621 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया है। मामले में पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# घटिया सड़क निर्माण का ग्रामीणों ने किया विरोध



कार्यालय संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज के नोनिया टिल्हा- आंती पथ में घटिया सड़क निर्माण पर ग्रामीणों ने बुधवार को गहरा आक्रोश जताया। पूर्व मुखिया भोला चौधरी, शंभू मेहता, रोहन मेहता, सोहन मेहता, विजय मेहता, मो. जहांगीर आलम, लालू मेहता, मुकेश प्रसाद सहित कई ग्रामीणों ने कहा कि मुख्यमंत्री सड़क योजना से यह निर्माण कार्य चल रहा है।अभिकर्ता द्वारा सड़क निर्माण में मात्रा कम एवं घटिया सामग्री दी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यह पथ औरंगाबाद से गया जिले को जोड़ती है। यह मुख्य पथ है।आधा इंच से भी कम मोटाइ की जा रही है। घटिया सड़क बनने से कम समय में ही टूट जाएगा। जबकि इस पथ का निर्माण 17 साल बाद हो रहा है। उन्होंने अभियंता एवं ठेकेदार के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग वरीय पदाधिकारियों से की। करीब 4 किलोमीटर नोनिया टिल्हा से काजीचक से आंती मोड तक काफी घनी आबादी के बीच से यह सड़क गुजरती है।

# विद्युत तार की चपेट में आने से युवक की हुई मौत

निज संवाददाता



**ओबरा (औरंगाबाद)**। सीमेंट उतारने के लिए ट्रक पर लगे तिरपाल को खोलने के दौरान उपर से गुजर रहे बिजली के तार के संपर्क में आकर करंट लगने से एक युवक बुरी तरह झुलस गया। आनन-फानन में युवक को इलाज के लिए ओबरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्रारंभिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इस दौरान सदर अस्पताल पहुंचने के पहले ही युवक की मौत हो गई। घटना औरंगाबाद के ओबरा थाना क्षेत्र में बेल रोड की है। मृतक की पहचान सुरखी गांव निवासी दिलकेश्वर राम के पुत्र गजेंद्र राम(30) के रूप में की गई है। सीमेंट उतारे जाने के लिए

बताया जाता है कि युवक बुधवार को ओबरा बाजार के बेल रोड में एक दुकान में ट्रक पर लदे सीमेंट की बोरियों को उतार कर रखे जाने लिए वाहन के उपर चढ़कर तिरपाल खोल रहा था। इसी दौरान वह उपर से गुजर रहे 11 हजार वोल्ट के बिजली के तार के संपर्क में आने से बुरी तरह झुलस गया। हादसे के बाद आस पास के लोगो ने उसे इलाज के लिए ओबरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद औरंगाबाद रेफर कर दिया। इस बीच बड़े अस्पताल पहुंचने के पहले रास्ते में ही युवक की मौत हो गई।

करंट लगने से युवक के मौत की खबर उसके गांव सुरखी पहुंचते ही हाहाकार मच गया। पूरा गांव परिजनों के चीत्कार से दहल उठा। आसपास के ग्रामीण मृतक के घर की ओर दौड़ पड़े। हादसे के बारे में जानकर ग्रामीणों की भी आंखें नम हो गई।

युवक मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। घटना के बाद मृतक की पत्नी रीना देवी, दो पुत्र आदित्य कुमार एवं उत्तम कुमार समेत सभी परिजन फूट-फूट कर रोने लगे। गांव का पूरा माहौल गमगीन हो गया।

### मुआवजे की मांग को ले सड़क जाम व आगजनी

घटना के बाद परिजनों ने शव को बेल मोड़ पर रखकर एनएच-139 औरंगाबाद-पटना मुख्य पथ को जाम कर दिया। इस दौरान टायर जलाकर सड़क पर आगजनी भी की गई। एनएच पर घंटो वाहनों का परिचालन बाधित रहा। इस दौरान मौके पर पहुंचें ओबरा थानाध्यक्ष एवं पुलिस बलों ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया लेकिन परिजन मुआवजा मिले बिना हटने को तैयार नही हुए। बाद में स्थानीय जन प्रतिनिधियों और पुलिस प्रशासन के समझाने पर परिजनों ने जाम हटाया। पुलिस पदाधिकारियों ने परिजनों को आश्वस्त किया कि पहल कर सरकार द्वारा निर्धारित मुआवजा राशि परिजनों को दिलाया जाएगा। जाम से लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। जाम हटने के बाद पुलिस ने शव को कब्जें में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेजा। ओबरा थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया है। फिलहाल मृतक के गांव में मातमी सन्नाटा पसरा है।

### 12 जिलों के 34 बाल हृदय रोगियों का अहमदाबाद में होगा निः शुल्क इलाज

**पटना (नि.सं.)**। भागलपुर सहित 12 जिलों में चिह्नित 34 बाल हृदय रोगियों का निःशुल्क इलाज सत्य साईं अस्पताल अहमदाबाद में होगा। 4 अप्रैल और 8 अप्रैल को बाल हृदय रोगियों के साथ ही उनके अभिभावकों को जिलों से 102 एंबुलेंस के माध्यम से पटना लाया जाएगा। पटना एयरपोर्ट से उन्हें अहमदाबाद भेजा जाएगा। इस संबंध में राज्य स्वास्थ्य समिति के अपर कार्यपालक निदेशक सुहर्ष भगत ने संबंधित जिलों के सिविल सर्जन सह जिला स्वास्थ्य समिति के सचिव को पत्र भेजा है। अहमदाबाद से इलाज कर लौटने के बाद बच्चों और अभिभावकों को पटना एयरपोर्ट या रेलवे स्टेशन से उनके गंतव्य स्थान तक पहुंचाने की व्यवस्था भी करने के लिए कहा गया है। 4 अप्रैल को 16 और 8 अप्रैल को 8 बाल हृदय रोगी इलाज के लिए भेजे जाएंगे।

नाट्य महोत्सव : हिंदी रंगमंच दिवस के अवसर पर हुआ संगोष्ठी और 'ट्रिक' नाटक

# ग्रामीण रंगमंच ने दिया हिंदी रंगमंच को विस्तृत आयाम : विजय कुमार

**रंगकर्मी प्रमोद कुमार त्रिपाठी को मिला स्व. टीएन शर्मा सम्मान**

निज संवाददाता | पटना



शशि फाउंडेशन पटना की ओर से आयोजित नौबतपुर नाट्य महोत्सव के दूसरे दिन हिंदी रंगमंच दिवस के अवसर पर संगोष्ठी और नाटक 'ट्रिक' का मंचन हुआ। संगोष्ठी का विषय था 'ग्रामीण रंगमंच का भारतीय रंगमंच पर प्रभाव'। उक्त अवसर मुख्य अतिथि प्रसिद्ध रंगनिर्देशक अभिनेता विजय कुमार, रंगकर्मी प्रमोद कुमार त्रिपाठी, पूर्व उपाध्यक्ष, बिहार संगीत नाटक अकादमी व रंगकर्मी धर्मेश मेहता ने संगोष्ठी के मुख्य वक्ता के रूप में ग्रामीण रंगमंच की महत्ता पर प्रकाश डाला। अभिनेता विजय कुमार ने कहा कि ग्रामीण रंगमंच ने हिंदी रंगमंच को विस्तृत आयाम दिया है।वरिष्ठ रंगकर्मी प्रमोद त्रिपाठी को ग्रामीण रंगमंच में उनके विशेष योगदान के लिए स्व. टीएन शर्मा स्मृति सम्मान देकर सम्मानित किया गया। पत्रकारिता के लिए संतोष कुमार चंचल, जितेन्द्र शर्मा, अवनीश कुमार व ज्ञान शंकर को संस्था की ओर से मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

माध्यम फाउंडेशन, पटना द्वारा प्रेमचंद की कहानी पर आधारित नाटक 'ट्रिक' का मंचन धर्मेश मेहता के निर्देशन में किया गया। नाटक की कहानी आम पारिवारिक जीवन शैली पर आधारित है। जहां पति-पत्नी की नोक-झोंक देखने को मिलती है। पति की रोज -रोज की सीख से परेशान पत्नी एक ट्रिक अपनाती है और पति को इस बात के लिए राजी कर लेती है कि वह सिर्फ पति द्वारा निर्धारित वही काम करेगी और अपने मन से कुछ भी नहीं। इससे घर परिवार में कई तरह की समस्याएं उत्पन्न होने लगती है, फलस्वरूप पति, पत्नी से माफी मांगकर घर को टूटने से बचा लेता है। नाटक के माध्यम से दर्शाया गया है कि ज़िन्दगी की गाड़ी को किसी ट्रिक से नहीं चलाया जा सकता है। कलाकारों में धर्मेश मेहता (मुंशी जी), राकेश कुमार (बाबू लाल), सोनल कुमारी, रौशनी कुमारी (रामेश्वरी), डा. रवीन्द्र कुमार चंद्र, सौरभ सिंह, अभिषेक कुमार, रणधीर सिंह, गौतम कुमार निराला, मो. सदरुद्दीन, मनोज मयंक, मीना देवी, गुड्डी कुमारी, कंचन वर्मा, काजल कुमारी आदि शामिल थें। संस्था के सचिव हौबिन्स कुमार ने बताया कि कल महोत्सव के अंतिम दिन नाटक 'मीरा' का मंचन के साथ कवि सम्मलेन का आयोजन होगा।

### 24 स्वास्थ्य केंद्रों को राज्य व 10 को एनकयूएएस का राष्ट्रीय सर्टिफिकेशन

**पटना(नि.सं.)**। नेशनल क्वालिटी एश्यूरेंस स्टैंडर्ड(एनक्यूएएस) के तहत राज्य के 24 स्वास्थ्य केंद्र राज्य स्तरीय प्रमाणित हुए हैं। जबकि 10 स्वास्थ्य केन्द्रों को एनक्यूएएस का राष्ट्र स्तरीय प्रमाणीकरण मिला। 10 स्वास्थ्य केंद्रों में जिला अस्पताल बांका, जिला अस्पताल सीतामढ़ी, जिला अस्पताल खगड़िया, जिला अस्पताल समस्तीपुर, जिला अस्पताल सहरसा एवं बेगूसराय में जिला अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बछबाड़ा, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर कटारमाला एवं बारो दक्षिणी शामिल हैं। एनक्यूएएस दूरस्थ क्षेत्रों में निवास करने वाली आबादी को भी गुणवत्तापूर्ण सेवा की गारंटी देता है। एनक्यूएएस प्रमाणीकरण स्वास्थ्य

# उधारी का पैसा नहीं देने पर दुकानदार ने ग्राहक को पीटा

निज संवाददाता



**बारूण (औरंगाबाद)**। दुकान पर आए ग्राहक से दुकानदार ने पूछा कि किसको वोट दे रहे हो। ग्राहक ने एक दल का नाम लिया। इस पर दुकानदार ने गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि उधारी हमसे लेते हो और वोट हमारी पार्टी के बजाये दूसरे को देने की बात करते हो। हमारा बकाया पैसा अभी दो। इस पर ग्राहक ने कहा कि समय दीजिएं कुछ दिन में वापस कर दूंगा। यह सुनते ही दुकानदार गुस्से में आग बबूला हो उठा और उसने ग्राहक को जमकर पीट दिया। साथ ही ग्राहक के गले का सोने का चेन और जेब की नगदी छिन ली। घटना औरंगाबाद के बारूण थाना के जोगियां बाजार का है। इसे लेकर पीड़ित ने बारुण थाना से शिकायत की है। पीड़ित फतेहपुर निवासी उदय कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार को दोपहर बाद वें जोगिया बाजार में एक किराना दुकान पर कुछ सामान लेने गए थे। दुकान पर पहुंचते ही दुकानदार ने पूछा कि किसको वोट दे रहे है। मैंने एक दल का नाम लिया। यह सुनते ही दुकानदार ने गुस्से में कहा कि उधारी में सामान हमसे लेते हो और वोट दूसरे को देने की बात करते हो। अभी के अभी मेरा बाकी वापस करो। इस पर मैंने कहा कि दो-तीन दिन में पैसा वापस कर दूंगा। यह सुनते ही दुकानदार गुस्से में आकर मुझे पीटने लगा। पीटने में दुकानदार के भाई और अन्य 4-5 लोगों ने भी साथ दिया। इस दौरान मेरा कुर्ता फाड़ दिया गया। गले से सोने का चेन और जेब से रुपया छीन लिया गया। इस बीच आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर मुझे दुकानदार के चंगुल से छुड़ाया। पीड़ित ने बताया कि घटना के बाद उन्होंने बारूण थाना जाकर मामले की शिकायत की है। शिकायत में जोगियां निवासी दुकानदार गोलु कुमार, उसके छोटे भाई एवं चार-पांच अज्ञात युवकों को आरोपी बनाया है। आरोप है कि सभी ने मिलकर उसके साथ बदसलुकी से पेश आते हुए मारपीट की और नगदी तथा गले का सोने का चेन छीन लिया।

# प्राचार्य अर्जुन मिश्रा के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद**। जिला मुख्यालय औरंगाबाद के क्लब रोड के समीप अवस्थित रामनरेश सिंह संस्कृत महाविद्यालय के प्रांगण में महाविद्यालय परिवार, जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन औरंगाबाद, समकालीन जवाबदेही परिवार के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य अर्जुन मिश्रा जी के असामयिक निधन पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता प्राचार्य सूर्यपत सिंह ने किया। जबकि संचालन धनंजय जयपुरी द्वारा किया गया। सर्वप्रथम उनके तैल चित्र पर उपस्थित लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया तत्पश्चात उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व की चर्चा करते हुए उनके सम्मान में 2 मिनट का मौन रखा एवं कहा कि वे एक विलक्षण प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे उनके असमय चले जाने से कर्मकांड, व्याकरण, एवं साहित्य जगत को अपूरणीय क्षति हुई है।अर्जुन मिश्रा जी कर्मठी एवं समाज सेवा में समर्पित रहने वाले व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे।श्रद्धांजलि सभा के मौके पर समकालीन जवाबदेही पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा, प्रसिद्ध ज्योतिर्विद शिवनारायण सिंह, माध्यमिक शिक्षक संघ के नेता राम भजन सिंह,दिनेश मिश्रा,अनुज बेचैन, विनय मामूली बुद्धि, राम सुरेश सिंह, सिंधु मिश्रा,गुप्तेश्वर पाठक, प्रफुल्ल कुमार, अनामिका मिश्रा,अरूंजय सिंह, लवकुश प्रसाद सिंह, रणधीर सिंह,जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी सहित अन्य उपस्थित थे।

# गोह प्रखंड टॉपर खुशी को शिक्षाविदों ने किया सम्मानित



निज संवाददाता

**गोह(औरंगाबाद)**। गोह प्रखंड मुख्यालय के न्यू एरिया के निवासी खुशी कुमारी के मैट्रिक की परीक्षा में 476 अंक प्राप्त कर प्रखंड टॉपर बनने पर कई शिक्षाविदों ने सम्मानित किया है। मुख्यालय के रेजोनेंश क्लासेज के निदेशक जेके सिंह, समाजसेवी दिलीप विश्वकर्मा, संतोष कुमार साहू, मिथुन कुमार, अजय कुमार, भीम साहू, कौशल मिश्रा, अनुज सिंह एवं सत्येंद्र यादव ने टॉपर के घर पहुंचकर अंगवस्त्र एवं स्टेशनरी देकर सम्मानित किया। खुशी कुमारी काफी गरीब घर से आती है। आर्थिक तंगी में वह में शिक्षा प्राप्त कर रही है। उसके पिता प्रकाश गुप्ता फुटपाथ पर सब्जी की दुकान चलाते हैं। खुशी ने बताया कि अपने शिक्षक जेके सिंह के कुशल मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग से सफलता मिली है। वह नीट की तैयारी कर डॉक्टर बनना चाहती है। इधर, प्रखंड के कई समाजसेवियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए खुशी को बधाई दी है। साथ ही सहयोग करने की भी बात कही है।

### मतदाता जागरूकता रथ मतदान के लिए करेगा जागरूक

**पटना (नि.सं.)**। बिहार डाक परिमंडल की ओर से बुधवार को मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए चार जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। भारतीय डाक विभाग और चुनाव आयोग के संयुक्त पहल पर बिहार डाक परिमंडल के मुख्य डाक महाध्यक्ष अनिल कुमार और डिप्टी मुख्य चुनाव अधिकारी संजय मिश्र ने रथ को पटना जीपीओ कार्यालय परिसर से रवाना किया। मौके पर कुमार ने कहा कि रथ बिहार के कोने-कोने में घूम-घूमकर मतदाताओं को अपने मताधिकार के प्रयोग के बारे में जागरूक करेगा। बताया कि जागरूकता के लिए हर जिले में विभाग की ओर से चौपाल भी आयोजित की जा रही है। मौके पर विशेष कैंसिलेशन स्टांप भी जारी किया गया। श्री कुमार ने बताया कि डाक विभाग की ओर से प्रत्येक पत्रों पर विशेष कैंसिलेशन स्टांप भी लगाए जा रहे हैं। जागरूकता के लिए प्रत्येक जिले में प्रभात फेरी, डाकघरों में पोस्टर, डिजिटल स्क्रीन पर प्रचार किया जा रहा है। संजय मिश्र ने लोकतंत्र के पोषण में मतदान के महत्व पर जोर दिया।

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक




आवश्यकता :
25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है।
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगें.
प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433